卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 202 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦2 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## मॉक ड्रिल में परखी चारधाम यात्रा की तैयारियां

देहरादून (उद संवाददाता)।चारधाम यात्रा की तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को सात जिलों में मॉकड्रिल की गई। उत्तरकाशी जिले में मॉकड्रिल के दौरान कुछ कमियां पाई गई, जिसके बाद शासन की ओर से नई गाइडलाइन बनाई गई। आपदा से निपटने के लिए गुरुवार सुबह उत्तरकाशी जिला अस्पताल में मॉकड्रिल करवाई गई, लेकिन मॉकड्रिल में कुछ कमियां पाई गईं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी जयकिशन, अपर जिलाधिकारी रजा अब्बास सहित सभी जिम्मेदार अधिकारी आपदा नियंत्रण कक्ष पहुंचे। इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम (आईआरएस) को सक्रिय कर आपदा प्रबंधन से संबंधित



सभी संसाधनों को तत्काल स्टेजिंग एरिया पहुचने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद में रात से जारी बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा मार्ग के विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन, यात्री वाहन के मलबे में दबने यात्री वाहन गिरने आदि की सूचना मिली। उक्त घटनाओं की जिलाधिकारी को जानकारी दी गई, जिसके बाद जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जनपद स्तरीय आईआरएश एवं तहसील स्तरीय आईआरएस सक्रिय किए जाने के निर्देश दिए गए है। उत्तरकाशी के रामलीला मैदान को स्टेजिंग एरिया बनाया गया, जहां सभी संबंधित विभागों को अपने-अपने संसाधन भेजते हुए मौके पर पहुंचने के लिए कहा गया। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी भी कंट्रोल रूम पहुंचे। पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनआईएम, आइटीबीपी, सेना, सहित विभिन्न संगठन से जुड़े राहत और बचाव कर्मी जरूरी संसाधन सहित स्टेजिंग एरिया पहुंचे। जिलाधिकारी ने एडीएम को रामलीला मैदान उत्तरकाशी में बनाए गए स्टेजिंग एरिया की कमान सौंपी। जो घटनास्थल के लिए राहत बचावकर्मियों व अन्य संसाधनों (शेष पृष्ठ सात पर)

## हेमकुण्ड पहुंचा सेना और सेवादारों का दल

जोशीमठ(उद संवाददाता)।हेमकुंड साहिब के आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम जारी है। सेना एवं यात्रा को संचालित करने वाले गुरुद्वारा ट्रस्ट के सेवादार बर्फ के बीच में से रास्ता बनाते हुए श्री हेमकुंड साहिब की पवित्र भूमि पर पहुंचे। सेना के 35 सदस्य एवं ट्रस्ट के 15 सेवादारों की मौजूदगी में यहां अरदास के बाद गुरुद्वारा प्रांगण के



मुख्य द्वार को खोला गया। गुरुद्वारे का मुख्य द्वार खुलने के साथ ही हेमकुंड साहिब से नीचे की ओर मार्ग पर बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्कूली बच्चों को ले जा रहा ई रिक्शा पलटा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अटरिया मंदिर रोड पर स्कूली बच्चों से भरा एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया इससे कई छात्र और छात्राएं घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक स्कूल से टुकटुक में सवार होकर छात्र-छात्राएं अपने



घर जा रहे थे जैसे ही टुकटुक अटरिया पुल के पास पहुंचा तभी चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। टुकटुक पलटने से उसमें सवार छात्र-छात्राओं में चीख पुकार मच गयी। राहगीरों की मदद से सभी छात्र-छात्राओं को टुकटुक से बाहर निकाला गया। घटना में (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसटीएफ ने 68 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी दबोचा

### शेयर मार्केट, स्टॉक ट्रेडिंग की फर्जी वेबसाईट बनाकर करता था धोखाधड़ी

देहरादून(उद संवाददाता)। एसटीएफ साईबर क्राईम पुलिस टीम ने शेयर मार्केट, स्टॉक ट्रेडिंग के नाम पर 68 लाख रुपये की धोखाधडी करने वाले शातिर ठग को भोपाल से गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व एक प्रकरण साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुआ जिसमें देहरादून निवासी शिकायतकर्ता को मेलिसा नामक महिला द्वारा व्हाट्सएप नं0 पर मैसेज भेजकर एक ग्रुप से जोड़ा। इस ग्रुप में अन्य लोग भी जुड़े थे, ग्रुप में एस रामजी नाम के शख्स जिसे शेयर मार्केट



एक्सपर्ट बताया जा रहा था, ने शेयर मार्केट ट्रेडिंग के बारे में तमाम जानकारियां साझा की। इसके बाद मेलिसा नाम की महिला ने दूसरे वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर एंजेल एप डाउनलोड करवाया और शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ कमाने का झांसा दिया। पीड़ित के मुताबिक झांसे में आकर उन्होंने भिन्न-भिन्न लेन-देन के माध्यम से लगभग 68 लाख रुपये का निवेश कर दिया। बाद में उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। शिकायत के आधार पर साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन देहरादून में अज्ञात के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये अनावरण हेतु साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन पर पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसकी विवेचना साइबर थाने के निरीक्षक देवेन्द्र नबियाल के सुपुर्द की गयी। अभियोग में पुलिस टीम द्वारा पूर्व में विवेचना / साक्ष्य संलकन के आधार पर 2 लोग विकास त्रिवेदी पुत्र संतोष त्रिवेदी निवासी 171,गोपालनगर, किदवईनगर, (शेष पृष्ठ सात पर)

## वाहन चोरों का आतंक,तीन बाइकें चुराई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वाहन चोर गिरोह ने अलग अलग स्थानों से तीन मोटरसाईकिलें चोरी कर लीं। मामलों की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में जीतू पुत्र राजेंद्र प्रसाद रस्तोगी निवासी विवेक नगर, ट्रांजिट कैंप का कहना है कि 27 अप्रैल को अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एई 1538 पर सवार होकर आहूजा धर्मशाला में अपने दोस्त के रिसेप्शन पार्टी में गया था। जहां बाईक पार्किंग में खड़ी कर दी। जब घर आने के लिए धर्मशाला से निकला तो उसकी मोटरसाइकिल पार्किंग में नहीं थी। वहीं कमल पुत्र राम (शेष पृष्ठ सात पर)

## बगवाड़ा मण्डी के आढ़तियों को मिली राहत

### मण्डी में कारोबार करने की अनुमति पर डीएम व एसडीएम का जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले कई दिनों से आंदोलित बगवाड़ा मंडी के आढ़तियों की समस्या का जिलाधिकारी द्वारा समाधान कर दिये जाने के बाद गुरूवार को बगवाड़ा मंडी के आढ़तियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह का शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण स्वागत



किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जब भी कोई समस्या आये तो सीधा उनसे सम्पर्क कर लिया करें। उन्होंने कहा कि बगवाड़ा मंडी में चुनाव से सम्बधित प्रक्रिया होने के कारण आढ़तियों को परेशानियां होती हैं। अब ऐसी व्यवस्था कर दी गई है स्ट्रांग रूम के चारों ओर बेरिकेटिंग कर आढतियों को अपना काम करने को कहा गया है। साथ ही किसी भी दशा में सुरक्षा व्यवस्था में कोई भी बाधा उत्पन्न न करने की हिदायत भी दी गई। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि बगवाड़ा मंडी के आढ़तियों के समक्ष यह समस्या हर चुनाव के दौरान आती है इसलिए इस समस्या का स्थाई समधान होना आवश्यक हो गया हैं । उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी(शेष पृष्ठ सात पर)

## मंदिर और निर्माणाधीन मकान में हुई चोरियों का खुलासा, दो गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। शहर में बीते दिनों एक मंदिर एवं एक निर्माणाधीन मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस ने दो चोरों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि घास मंडी स्थित सिद्धेश्वर मंदिर के पुजारी महेश जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि अज्ञात चोरों ने



मंदिर परिसर में दानपात्र के अंदर रखें कुछ रुपए एवं चांदी के लॉकेट व अन्य सामान चोरी कर लिया । मामले में पुलिस ने मोहल्ला खताडी निवासी तनवीर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मंदिर से चोरी किया हुआ सभी सामान (शेष पृष्ठ सात पर)

## निजी अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बुधवार रात्रि एक निजी चिकित्सालय में प्रसव के कुछ देर बाद नवजात शिशु की मौत से परिजन भड़क गये। सूचना पर पुलिस ने मृतक शिशु का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार आदर्श इंदिरा कालोनी निवासी राहुल कुमार सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है। उसका गत वर्ष मौहल्ला संजय नगर खेड़ा निवासी तान्या से विवाह हुआ था। परिजनों का कहना है कि गत रात्रि तान्या को डिलीवरी के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने बताया कि जच्चा बच्चा दोनों ठीक हैं। नार्मल डिलीवरी हो जायेगी। लेकिन उन्होंने डिलीवरी यहां न करवाकर रैफर कर दिया और निजी चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी। परिजनों ने बताया कि वह एक निजी चिकित्सालय पहुंचे जहां जांच के बाद नार्मल डिलीवरी की बात कही गई। (शेष पृष्ठ सात पर)

### जिला अस्पताल पर उठे सवाल

रूद्रपुर। परिजनों के मुताबिक तान्या को डिलीवरी के लिए पहले जिला चिकित्सालय ले गये थे वहां जांच के बाद सब कुछ सही होने की बात कही गयी लेकिन इसके बाद भी उन्हें निजी चिकित्सालय जाने की सलाह दी गई । एक तरफ सरकार बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने के दावे कर रही है दूसरी तरफ सामान्य प्रसव के लिए भी मरीजों को जिला अस्पताल से रैफर किया जाना अपने आप में प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। जब जिला चिकित्सालय में डिलीवरी की सभी व्यवस्थायें उपलब्ध हैं तो प्रसव के लिए रैफर करने की जरूरत क्यों पड़ी? और निजी अस्पताल ले जाने की सलाह क्यों दी गयी आखिर इसके पीछे सलाह देने वाले कर्मी की क्या मंशा थी? यह जांच का विषय है।

## पोलिंग बूथों में बदलाव का किया विरोध

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर के वार्ड नंबर 30 आदर्श कालोनी और वार्ड नंबर 40 मेट्रोपोलिस क्षेत्र में के पोलिंग बूथों में किये गये बदलाव से आ रही दिक्कतों को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में वार्डवासियों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर जनहित में कार्यवाही की मांग की। इस दौरान वार्ड तीस



आदर्श कालोनी के पूर्व पार्षद गौरव खुराना की ओर से दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि वार्ड नं. 30 आदर्श कालोनी का पोलिंग बूथ पूर्व में जनता इंटर कालेज आदर्श कालोनी में था, जिससे वार्डवासियों को वोटिंग करने में आसानी होती थी लेकिन इस बार पोलिंग बूथ को जनता इंटर कालेज से हटाकर वार्ड नं. 29 में आर्य कन्या इंटर कालेज सुभाष कालोनी में कर दिया गया है जिससे वार्डवासियों खासकर बुजुर्गों महिलाओं दिव्यांगों पोलिंग बूथ जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वार्ड 40 सिडकुल क्षेत्र के निवासी राजेश कुमार की ओर से जिलाधिकारी को लिखे गये ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड चालीस सिडकुल क्षेत्र कल्याणपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

# केदारनाथ में पहले 15 दिन वीआइपी दर्शन पर राज्य सरकार ने लगाई रोक





देहरादून। चारधाम यात्रा को लेकर राज्य सरकार की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। धामों में दर्शन को लेकर यात्रियों के उत्साह को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि यात्रा के पहले 15 दिन वीआइपी दर्शन नहीं होंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की ओर से सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि यात्रा के आरंभिक 15 दिनों लिए विशेष रूप से केदारनाथ में वीवीआइपी दर्शनों को जितना हो सके टाला जाए। इस संबंध में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को भी सूचित किया जा रहा है। चारधाम हेली सेवाओं की ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुल्क जमा करने से ठीक पहले धोखा दे रही है। ऐसे तमाम लोग हैं, जो ऑनलाइन जानकारी भरने के बाद जैसे ही शुल्क जमा कर रहे, तभी वेबसाइट हैंग हो रही है। जब तक दोबारा प्रक्रिया पूरी करते हैं तब तक सीट फुल हो रही है। उधर, सोमवार को चारधाम यात्रा पंजीकरण का आंकड़ा 17 लाख पार हो गया, जबकि सितंबर की हेली सेवाएं भी फुल हो गईं। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा सोमवार को 17 लाख को पार कर गया। इनमें यमुनोत्री के लिए 2,77,775, गंगोत्री के लिए 3,10,715, केदारनाथ के लिए 5,94,147, बदरीनाथ के लिए 4,98,086 और हेमकुंड साहिब के लिए 28,395 पंजीकरण शामिल हैं। वहीं मुख्यमंत्री धामी यात्रा तैयारियों की नियमित मानिटरिंग कर रहे हैं और अधिकारियों से नियमित रूप से संपर्क में हैं। इस बीच मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे और बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के साथ यात्रा व्यवस्था बेहतर करने को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के पश्चात निर्णय लिया गया कि यात्रा के पहले 15 दिन वीआइपी दर्शन नहीं होंगे। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान हेली सेवाओं के टिकटों की कालाबाजारी एवं ठगी जैसी घटनाएं न हों, इसके लिए इस बार केवल आइआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट से टिकटों की बुकिंग की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक सड़क पांच से आठ मीटर चौड़ी की गई है। केदारनाथ में 20 जगह पार्किंग की व्यवस्था है, जहां 1495 वाहन पार्क हो सकेंगे। वाहनों की निगरानी को एप भी बनाया गया है। यात्रा मार्गों पर सफाई व्यवस्था को 700 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पहली बार चार नए हाईटेक माड्यूलर शौचालय व इतने ही नए मोबाइल माड्यूलर शौचालय की व्यवस्था की गई है। यात्रा मार्गों पर संचालित 4000 घोड़े-खच्चर प्रशासन की निगरानी में रहेंगे। हाकर के लिए पहली बार पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। 30 टन क्षमता का वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट सोनप्रयाग में बनाने के साथ ही डंपिंग ग्राउंड बनाया गया है। इस बार रोस्टर प्रणाली से संचालन होगा। घोड़े-खच्चरों के लिए 24 घंटे पानी की 15 चरी संचालित होंगी। 197 की क्षमता की दो डोरमेट्री बनाई गई हैं। इस बार पांच एंबुलेंस की तैनाती के साथ ही तीन गोल्फ कार्ट तैनात की जा रही हैं। स्थानीय व्यवस्था को न छेड़ते हुए सभी चिकित्सकों की व्यवस्था इसके अतिरिक्त की जा रही है। लगभग 18 जगह स्वास्थ्य जांच केंद्र संचालित किए जाएंगे।

# शहीद मेजर प्रणय को दी भावभीनी श्रद्धांजलि






देहरादून। शहीद मेजर प्रणय नेगी का पार्थिव शरीर उनके घर भनियाववाला पहुंचते ही परिजन बिलख पड़े। इस दौरान सैकड़ों लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला सहित ग्रामीणों ने नम आंखों से दी शहीद मेजर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद मेजर प्रणय नेगी का पार्थिव शरीर हरिद्वार ले जाया गया। देहरादून जिले के भानियावाला के संगतियावाला गांव निवासी एक मेजर लेह में हाई एटीट्यूड पर ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। मेजर के शहीद होने की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। 18 आर्टिलरी बटालियन में तैनात सुदर्शन नेगी के बेटे मेजर प्रणव नेगी (36) लेह में ड्यूटी पर थे। मंगलवार सुबह सेना मुख्यालय से मेजर प्रणव के परिजनों को सूचना मिली कि स्वास्थ्य खराब होने से वह शहीद हो गए हैं। मेजर के शहीद होने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मेजर के रिश्तेदारों और आसपास के लोगों ने शहीद मेजर के घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी। शहीद मेजर तीन भाई-बहनों सबसे बड़े थे। तीन साल पहले ही मेजर की शादी हुई थी। उनका डेढ़ साल का एक बेटा है। चाचा नरेंद्र नेगी के मुताबिक, लेह में हाई एटीट्यूड में तैनाती के दौरान ऑक्सीजन की कमी से स्वास्थ्य बिगड़ने पर मेजर शहीद हो गए थे। प्रणव नेगी 2013 में आईएमए से पासआउट होकर सेना में लेफ्टिनेंट बने थे। वो मूल रूप से थाती डांगर गांव कीर्तिनगर टिहरी के रहने वाले थे। मेजर प्रणव के दादा भी फौज में थे, जबकि पिता ने होटल लाइन में नौकरी कर तीनों बच्चों को मसूरी के प्रतिष्ठित स्कूलों से शिक्षा दिलाई।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रार्थी सारंगेश कुमार शर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद शर्मा गली नं.8, सिंह कालोनी, रूद्रपुर उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड का निवासी हूं। मैंने एक प्रापर्टी नरेश कुमारी पत्नी सुभाष छाबड़ा, रूद्रपुर से खरीदी थी, जिसका क्षेत्रफल 167.28 वर्ग मी. का है, जिसकी पुरानी ओरिजनल रजिस्ट्री Sale Deed S.No. 1062 Dated 02.02.2001, Sale Deed No. 622 dated 15.04.1999, Power of Attorney dated 24.12.1993, Sale Deed S. No. 116 dated 30.01.1989 वास्तव में खो गई है। मेरे द्वारा यह सम्पत्ति श्रीमती रीना रानी पुत्री महेन्दर सिंह को बेची जा रही है। जिसका लोन ICICI Bank से हुआ है। यदि किसी को यह मूल रजिस्ट्री मिली है तो इसका उपयोग अवैध होगा। ये रजिस्ट्री ICICI Bank रूद्रपुर शाखा में जमा कर दी जाये।

सारंगेश कुमार शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा सिंह कालौनी, रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर।

# लोनिवि और रेलवे के अधिकारियों ने किया ओवरब्रिज स्थल का निरीक्षण

रुद्रपुर। दिनेशपुर-मटकोटा-हल्द्वानी राजमार्ग पर दो रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की कवायद तेज हो गई है। लोनिवि और रेलवे के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से चयनित आरओबी स्थल का निरीक्षण किया। दोनों आरओबी का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने के बाद निर्माण के लिए शासन को फाइल भेजी जाएगी। बताया गया कि इस मार्ग पर प्रतिदिन 11,378 वाहनों की आवाजाही होती है।बुधवार को लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ओमपाल सिंह ने बताया कि दिनेशपुर-मटकोटा-हल्द्वानी मार्ग (स्टेट हाईवे) पर दो रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण



होना है। इनमें एक आरओबी अशोका लीलैंड कंपनी के पास दिनेशपुर मार्ग पर बनाया जाना है तो दूसरा हल्द्वानी मार्ग पर बनना है। इसके लिए सेतु बंधन कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार ने सौ करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी है। इसमें 17.025 किमी मार्ग पर करीब 60 मीटर लंबाई में बनने वाले आरओबी में 45.01 करोड़ और 14.900 किमी में बनने वाले 76 मीटर लंबे आरओबी में 55.38 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। आरओबी बनने से लोगों को जाम से छुटकारा मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि विभागीय टीम और रेलवे रुद्रपुर के सेक्शन इंजीनियर प्रवीण कुमार व काशीपुर रेलवे के एसडीई सुबोध के साथ चयनित आरओबी स्थल का निरीक्षण किया गया। बताया कि सर्वेक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। सर्वेक्षण के बाद डिजाइन तैयार किया जाएगा और आरओबी निर्माण के लिए शासन को फाइल भेजी जाएगी। वहां पर लोनिवि के एई राजेंद्र प्रसाद, प्रेम प्रकाश आदि थे।

# केदारनाथ, बद्रीनाथ सहित गौमुख ट्रैक पर हुई बर्फबारी

रूद्रप्रयाग। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बुधवार देर शाम बाद ही मौसम ने करवट बदली। केदारनाथ, गंगोत्री धाम सहित गौमुख ट्रैक पर भी बर्फबारी हुई। वहीं, चमोली जनपद के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई, जबकि निचले क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने से मौसम में ठंडक आ गई। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ के साथ ही अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब पैदल मार्ग पर बर्फ हटाने का काम भी बर्फबारी होने से प्रभावित हुआ है। जोशीमठ, गोपेश्वर, पोखरी क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने से मौसम ठंडा हो गया। उधर, हर्षिल घाटी में बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है। वहीं, मैदानी इलाकों में सुबह से ही मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के साथ तेज गर्जन होने की संभावना है।

# बिना अनुमति बनाया आलीशान होटल रेस्टोरेंट सील करने के निर्देश

नैनीताल। इन दिनों जिला विकास प्राधिकरण से व्यवसायिक भवनों की आंशिक मरम्मत की अनुमति लेकर आलीशान होटल व भवनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जबकि हाईकोर्ट की ओर से नगर के व्यवसायिक भवनों पर रोक लगी है। ऐसी ही शिकायत पर बुधवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने झील के किनारे माल रोड पर स्थित अश्वनी होटल का निरीक्षण किया। जहां पुराने होटल की मरम्मत के नाम पर इसे आलीशान होटल-रेस्टोरेंट में तब्दील कर दिया गया। आयुक्त ने नियमों का उल्लंघन करार देते हुए उक्त को सील करने के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त दीपक रावत ने डीएसए मैदान का भी निरीक्षण किया। डीएसए मैदान में लेबलिंग के लिए मैदान में 5 से 6 एमएम की बजरी डालने के निर्देश दिए। ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा डीएसए मैदान की बाउंड्री वाल के कार्य के साथ ही न्यू क्लब में हो रही खेल गतिविधियों का भी जायजा लिया। नगर पालिका को डीएसए मैदान और कार पार्किंग स्थल में सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम प्रमोद कुमार, ईओ नगर पालिका राहुल आनंद, ईई ग्रामीण निर्माण विभाग केके जोशी समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी रहे।

# मजदूर के वेश में ईवीएम स्ट्रांग रूम के आस पास आते जाते दिखाई दे रहे हैं कुछ लोग!

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने शेयर किया सीसीटीवी फुटेज का वीडियो







देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर आशंकायें व्यक्त करते हुए कई सवाल खड़े किये है। बुधवार को पूर्व सीएम हरीश रावत ने एक पोस्ट में बताया है कि रायपुर स्थित एक ईवीएम स्ट्रांग रूम में जाते हुए दो लोग दिख रहे हैं । वहीं उन्होंने सीसीटीवी फुटेज का वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि जहां परिंदे को भी पर नहीं मारना चाहिए, ईवीएम स्ट्रांग रूम और उसके आस-पास! रायपुर स्टेडियम में मजदूर के वेश में कुछ लोग स्ट्रांग रूम के आस-पास आराम से टहलते, आते-जाते दिखाई दे रहे हैं! प्रश्न सत्ता की नियत का है। सत्ता की नियत में यदि खोट हो तो फिर उस पर विश्वास करना कठिन ही नहीं बल्कि घातक हो जाता है। वहीं एक अन्य पोस्ट में पूर्व सीएम हरीश रावत ने मतदान के नए आकड़े जारी होने पर अपनी प्रतिकिया व्यक्त की है। 19 अप्रैल को प्रथम चरण का मतदान हुआ, माननीय चुनाव आयोग को कुल मतदान का प्रतिशत देने में 11 दिन लग गये हैं। पहले जो प्रतिशत चलन में था उसे खारिज कर दिया, मशीन में पड़े कुल मतदान की जिले वार गणना और जिले वार गणना को पूरे देश में गणना करने में 11 दिन तो कैसे उम्मीद की जाय कि एक दिन के अंदर और वह भी कुछ घंटे के अंदर सारे मतदान की गणना हो जायेगी या उसको विश्वसनीय मान लिया जाए? माननीय रुचुनाव;आयोग को इस विलंब का तार्किक कारण देना चाहिए। हम सबने बूथों पर मतदान प्रतिशत की गिरावट को महसूस किया और यह गिरावट व्यापक चर्चा का विषय है, इसको देखकर 11 दिन तक जो आकलन लगाये जा रहे थे, अब चुनाव आयोग के द्वारा जारी प्रतिशत से तो वह आकलन सब धूल धूसरित हो रहे हैं, यह मोदी जी का भारत है।

# ऋषिकेश घूमने आया युवक गंगा में डूबा

ऋषिकेश। दिल्ली से ऋषिकेश घूमने आया युवक गंगा में डूब गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। लेकिन अब तक युवक का कुछ पता नहीं चल पाया है।ऋषिकेश के मुनिकिरेती थाना क्षेत्र के तपोवन क्षेत्र में एक युवक गंगा में डूब गया। बताया जा रहा है कि युवक दिल्ली से ऋषिकेश घूमने के लिए आया था। पुलिस और एसडीआरएफ युवक की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार को ही युवक अपने दोस्तों के साथ उत्तराखंड आया था।मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को कनिष्क राणा (21 वर्ष) निवासी विजय विहार फेस 2 रोहिणी नियर शमशान घाट अपने दो दोस्तों के साथ उत्तराखंड आया। ऋषिकेश में वो अपने दोस्त वंश गौड़ और हिमांशु लकड़ा के साथ घूम रहा था। दोपहर में तीनों नहाने के लिए गंगा में गए। नीम बीच पांडू पत्थर के पास नहाते हुए कनिष्क राणा गंगा तेज बहाव में बह गया।

# फायरिंग मामले में सात नामजद

गूलरभोज। वन कर्मियों पर जानलेवा हमला करने वाले सात आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।दरअसल पीपलपड़ाव रेंज की पश्चिमी बीट के प्लॉट से 89 में सोमवार सुबह करीब 11 बजे गश्त कर रहे वनकर्मियों ने बाइक सवार लकड़ी तस्करों को रोका था। इस पर तस्कर सोनू ने पाटल से गश्ती दल पर हमला कर दिया था। हमले में रोपण रक्षक जाने अली घायल हो गया था। कुलदीप सिंह ने टीम पर दो राउंड फायर किए थे। हमले में वन आरक्षी विरेंद्र सिंह बाल बाल बचे। इसके बाद तस्कर लकड़ी मौके पर छोड़कर बाइक से फरार हो गए थे। वनबीट अधिकारी हरेंद्र कुमार की ओर से पांच नामजद सहित 15 लोगों के खिलाफ पुलिस चौकी गूलरभोज में तहरीर दी गई थी। पुलिस ने आरोपी कुलदीप सिंह उर्फ किप्पी, जसविंदर सिंह उर्फ बिंदु, अंबी, जयपाल, कुलवंत, सोनू उर्फ नटिया, जसविंदर सिंह उर्फ चुटकी के खिलाफ धारा 147,148, 186, 323, 332,353,504 व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा केस दर्ज किया है। सीओ एआर आर्य ने बताया कि सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी को संभावित ठिकानोंपर दबिश दी जा रही है। आरोपी जल्द ही पुलिस की पकड़ में होंगे।

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133

# अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन रूद्रपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता कुलविन्दर सिंह पंवार के आकस्मिक निधन होने पर जिला न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारीगण एवं जिला बार के सदस्यगण की एक शोक सभा न्यायालय जिला न्यायाधीश में आयोजित की गई। जिसमें दो मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय कुलविन्दर सिंह पंवार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सभी न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण द्वारा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वह दिवगंत आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि बिन्दुखेडा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता कुलविन्दर सिंह पंवार काफी सरल स्वभाव के थे। उन्होने वर्ष 2003 से जिला न्यायालय में अपनी वकालत प्रारम्भ की। उनके निधन से अधिवक्ता समाज को काफी क्षति पहुंची है जिसकी भरपाई भविष्य में सम्भव नही है। शोक सभा में कार्यवाहक अध्यक्ष एमपी तिवारी, कार्यवाहक सचिव सुशीला मेहता, वर्तमान सचिव सर्वेश कुमार सिंह, शिव कुंवर सिंह, पावेल कठायत, नरेश रस्तोगी, खड़ग सिंह, कमल ताड़वाल, कमल चिलाना, नवीन ठुकराल, अखलाक अहमद, सीपी जोशी, सतपाल कालड़ा, अमित छावड़ा, अखिलेश कुशवाह, धर्मेंद्र सिंह, विजय कुमार, महेश बब्बर एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण मौजूद थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# अपने-अपने क्षेत्रो की नाले-नालीयों की साफ-सफाई कर जलभराव की समस्या से निजात दिलायें : डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में दैवीय आपदा (बाढ) को लेकर बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी बरसात से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जलभराव एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर उसके लिए किये गये सुरक्षात्मक कार्यो का विवरण शीघ्र उपलब्ध कराये। उन्होने कहा कि इस सम्बन्ध मे सभी उपजिलाधिकारी अपने क्षेत्रो मे पुलिस अधिकारियो, सिंचाई, लोनिवि, नगर पालिका, नगर पंचायत, नगर निगम की बैठक शीघ्र आयोजित कर ले। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर पालिका, नगर पंचायत, नगर निगम अपने-अपने क्षेत्रो की नाले-नालीयों आदि की साफ-सफाई के साथ ही दवाइयों का छिड़काव 31 मई से पूर्व कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रो मे जलभराव होता है, उन्हें चिन्हित कर जलभराव से निजात दिलाने हेतु कार्य प्रारम्भ किये जाए। उन्होने कहा कि तहसील क्षेत्र मे अन्तर्गत स्थापित किये जाने वाले कंट्रोल रूमों को समय पर संचालित करने हेतु व्यवस्था कि जाए साथ ही बाढ चौकियो मे सभी आवश्यक सामान व उपकरण की पूर्ति अभी से करा ली जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ के समय लोगो को आश्रय देने हेतु जिन उत्पन्न ना हो। उन्होने लोनिवि विभाग के अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा बाढ से निपटने के लिए अभी से ट्रैक्टर ट्राली, क्रेन आदि उपकरणों की व्यवस्था करें। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए का बाढ सम्भावित क्षेत्रो मे पर्याप्त सीएम हेल्पलाइन, सीएम घोषणा, जिला योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रस्तावित विकास योजना, स्वास्थ्य विभाग आदि की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मुख्य



विद्यालयो, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन आदि का चिन्हिकरण किया जाये, उनमें मूलभूत सुविधाएं अवश्य होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने पूर्ति अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के सीजन को देखते हुए गैस व कैरोसीन का पर्याप्त स्टाक रखा जाना सुनिश्चित करें व साथ ही खाद्य पूर्ति में किसी प्रकार का अवरोध मात्रा मे औषधी का भण्डारण किया जाए व बाढ़ पश्चात होने वाली बीमारियों के लिए टीमों को तैयार रखें। उन्होने सभी अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ बाहुल्य क्षेत्रो हेतु उनके द्वारा अभी से एक्शन प्लान तैयार कर प्रस्तुत किये जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने वन भूमि हस्तांतरण, विकास अधिकारी मनीष कुमार, डीएफओ यू0सी तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसएसबी एनडीआरएफ, साहित जनपद के सभी उपजिलाधिकारी, ईओ नगर पालिका, नगर पंचायत, उपनगर आयुक्त ,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# महिपाल व राहुल रहे विद्यालय के संयुक्त टॉपर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड बोर्ड के हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में ट्रांजिट कैम्प स्थित मां शारदा देवी विद्या मंदिर हाई स्कूल के दो छात्र महिपाल सिंह व राहुल गिरी विद्यालय में संयुक्त रूप से टॉपर रहे। विद्यालय के सचिव इन्द्रजीत पाल व प्रधानाचार्य रविन्द्र नाथ मंडल ने बताया कि हाई स्कूल परीक्षाफल में महिपाल सिंह व राहुल गिरी ने समान रूप से 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि महिपाल के हिंदी में 97, गणित में 92, अंग्रेजी



में 97, विज्ञान में 84, सामाजिक विज्ञान में 83 व संस्कृत में 80 अंक रहे जबकि राहुल गिरी ने हिंदी में 96, गणित में 88, अंग्रेजी में 88, विज्ञान में 93, सामाजिक विज्ञान में 88 व संस्कृत में 86 अंक हासिल किये। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त विद्यालय के हर्ष चौधरी ने 83.8 प्रतिशत, मनीष कुमार ने 80.8, सविता ने 78.6, अमृता महतो ने 75.2, अनीता ने 74.4, अशनिका ने 72 व हिमांशु कुमार ने 70.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। परीक्षाफल में विद्यालय कें 15 विद्यार्थी प्रथम, 16 द्वितीय व 2 तृतीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रधानाचार्य रविन्द्रनाथ मंडल, सचिव इन्द्रजीत पाल, प्रबंधक शंकर डे, उप प्रधानाचार्य सौरभ पाल, कक्षाध्यापिका वंदना पाटीदार, चन्द्रावती मंडल सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए सबके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कारसेवा बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में फरार शूटर सर्वजीत एक माह बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

## एक शूटर को ढेर करने के बाद हत्याकांड पर पुलिस की जांच भी पड़ी धीमी

-अनिल सागर-

नानकमत्ता। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या के एक माह बाद भी एक लाख का ईनामी दूसरा शूटर पुलिस की गिरफ्त नही चढ़ा है। वही पुलिस ने एक शूटर के रूड़की में मुठभेड़ में ढेर होने के बाद जांच की गति भी धीमी कर दी है। ऐसे में दूसरे ईनामी शूटर के साथ बाबा की हत्या की साजिश रचने वाले चेहरे भी बेनकाब नही हो रहें है। ईनामी शूटर सर्वजीत के नेपाल भागे जाने की आशंका जताई जा रही है। गौरतलब है की कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को तड़के कारसेवा परिसर में ही दो बाईक सवार शूटर ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। कारसेवा बाबा की हत्या के बाद तराई से लेकर युपी पंजाब तक हड़कम्प मच गया था। डेरे के वर्चस्व को लेकर हत्या कराने की कढ़ी पुलिस लगातार जोड़ कर चल रही थी। हत्या वाले दिन भी दोनों शूटर पुलिस ने चिन्हित कर उनकी पहचान अमरजीत सिंह व सर्वजीत सिंह के रूप में की थी। कारसेवा बाबा की हत्या में शूटर की मदद करने के आरोप में पुलिस ऊधम सिंह नगर समेंत शहजहांपुर से आधा दर्जने से अधिक लोगों को जेल भेजा था। जबकि मुख्य शूटर अमरजीत सिंह को कुछ दिन बाद हरिद्वार पुलिस ने एसटीएफ की मदद से मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। इस दौरान मौके से सर्वजीत सिंह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। कारसेवा बाबा की हत्या के एक माह बाद भी शूटर सर्वजीत पुलिस के हत्थे नही चढ़ा है। या माने की पुलिस अमरजीत के ढेर होने के बाद शांत होकर बैंठ गई है। लोकसभा चुनाव दो सप्ताह बीत गए है, पहले लोकसभा चुनाव की व्यस्तता बता रही थी, लेकिन सर्वजीत को पकड़ने में पुलिस अभी नाकाम साबित हो रही है। गौरतलब है कि ऊधमसिंहनगर जनपद के इस हाई प्रोफाईल हत्याकांड को लेकर सिख समाज के कई प्रतिष्ठित लोगों और पदाधिकारियों पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। हत्याकांड में सम्पत्ति और वर्चस्व को लेकर भी पुलिस ने संदेह व्यक्त किया है जबकि कुछ वर्ग के लोग पुलिस की जांच को लेकर सवाल भी उठा रहे हैं।

### कहीं भेष बदलकर पुलिस को चकमा तो नही दे रहा सर्वजीत?

नानकमत्ता। कारसेवा बाबा का मुख्य शूटर जब पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर किया तब अमरजीत सिंह ने अपना भेष बदल रखा था , अगर सर्वजीत ने पुलिस से बचने के लिए अपना भेष बदला तो सर्वजीत को पकड़ना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनोती साबित होगा। हालांकि पुलिस को पूरी आशंका है कि सर्वजीत सिंह ने भी अपना भेष बदल लिया होगा।



# इंटरमीडिएट के छात्र आदित्य और आदर्श कुमार ने किया नाम रोशन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उतराखंड हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज कल्याणी व्यू रुद्रपुर के 12वीं के छात्र आदित्य तिवारी ने प्रदेश वरियता सूची (मेरिट) में 21 वाँ स्थान एवं आदर्श कुमार ने 22 वाँ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 12वीं के 75 छात्र-



छात्राओं ने ससम्मान प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की एवं हाईस्कूल के 71 छात्र- छात्राओं ससम्मान प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम इण्टरमीडिएट में 96.7 प्रतिशत एवं हाईस्कूल में शत प्रतिशत रहा। विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यालय के अध्यक्ष सुनील खेड़ा, प्रबन्धक अनिल कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र त्रिपाठी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सूख रहे जलस्रोतों, नदियों और तालाबों के पुनर्जीवीकरण हेतु जिलावार एक्शन प्लान शीघ्र बनायें : मुख्य सचिव



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को राज्य के जलस्रोतों, नदियों, सहायक नदियों, धाराओं के पुनर्जीवीकरण हेतु जिलावार योजना के स्थान पर Holistic and Integrated पर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने राज्य में जल संरक्षण के सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत प्रत्येक ब्लॉक में 10 क्रिटिकल सूख रहे स्प्रिंग तथा जिलें में 20 क्रिटिकल सूख रहे जलधाराओं/सहायक नदियों के चिन्हीकरण के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रत्येक जिले में दीर्घ अवधि के योजना के तहत एक नदी के पुनर्जीवीकरण की योजना बनाने और मैदानी जिलों में सूख चुके तालाबों के चिन्हीकरण एवं पुनर्जीवीकरण के एक्शन प्लान पर भी कार्य के करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने जिलों से एक्शन प्लान प्राप्त ना होने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए जिलाधिकारियों को एक सप्ताह की डेडलाइन दी है। विषय की गम्भीरता को देखते हुए उन्होंने जिलाधिकारियों को जिले में तत्काल एक पूर्णकालिक समर्पित जलागम नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को तत्काल तीन दिन के भीतर जिला स्तरीय Spring and river rejuvenation authority (SARRA) की बैठक लेने तथा मुख्य विकास अधिकारी को इस अभियान से प्रमुखता से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव वित्त को निर्देश दिए कि विभिन्न माध्यमों जैसे मनरेगा, नाबार्ड, कैम्पा, पीएमकेएसवाई से जलस्रोतों व नदियों के पुनर्जीवीकरण हेतु फण्डिंग यूटिलाइजेशन के सम्बन्ध में बैठक करने हेतु पत्र जारी किया जाए। इस दौरान बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर के सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगौली सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आई युवती की मौत

रूड़की। सहेली के साथ रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर मोबाइल से रील बना रही एक युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ गई सहेली ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। गंगनहर कोतवाली पुलिस के अनुसार, वैशाली (20) निवासी हरिपुर टोंगिया बुग्गावाला, रुड़की में शिवपुरम स्थित अपने मामा नरेश के घर में रहती थी। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम करीब छह बजे वह अपनी सहेली के साथ शिवपुरम कॉलोनी के पास रहीमपुर रेलवे फाटक गई थी। इस दौरान दोनों सहेलियां मोबाइल से रेलवे पटरी के किनारे खड़े होकर रील बनाने लगीं। बताया जा रहा है कि इस दौरान हरिद्वार से सहारनपुर की तरफ एक ट्रेन जा रही थी, उसकी चपेट में वैशाली आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सहेली से मिली सूचना पर मामा के परिवार के लोग और पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि पता चला है कि हादसा मोबाइल पर रील बनाते समय हुआ है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## आदर्श राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रवेशोत्सव का आयोजन

पन्तनगर(उद संवाददाता)। आदर्श राजकीय बालिका इन्टरकालेज, पन्तनगर में हर्षोल्लास के साथ प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशित छात्राओं के अभिभावकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन प्रार्धानाचार्या श्रीमती साइस्ता जमाल अंसारी द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अंगद सिंह, संरक्षक शिवानन्द पाण्डेय, श्रीमती विमला तिवारी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या द्वारा अभिभावको को विभिन्न सरकारी नीतियो तथा



छात्रवृति के बारे में विस्तार से बताया गया । छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये छात्राओ द्वारा कला बिज्ञान तथा कार्य अनुभव से सम्बन्धित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । अभिभावको द्वारा प्रदर्शनी की सराहना की गयी । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षिकाये एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपा पाण्डेय द्वारा किया गया।

# दर्शन देते रहना बाबा आस ले के आए हैं..

रूद्रपुर/शीशगढ़ (उद संवाददाता)। श्री बालाजी मण्डल शीशगढ़ की ओर से श्री रामलीला मैदान में सप्तम भव्य श्री बालाजी दरबार का आयोजन श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी के पावन सानिध्य में किया गया। दरबार में आस पास एवं दूर दराज से पहुंचे सैकड़ों बाबा भक्तों ने हाजिरी लगाई ओर बालाजी महाराज का गुणगान किया। दरबार में रूद्रपुर से पहुंचे भजन गायक अमन सांवरिया एवं ग्वालियर के भजन गायक मनोज शर्मा ने अपने भजनों की प्रस्तुति देकर बाबा भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भव्य श्री बालाजी दरबार का शुभारम्भ श्री बाला जी मंडल दिनेशपुर के महंत राजेन्द्र अग्रवाल ने विधि विधान से पूजन कर एवं जोत प्रज्वलित करके किया। गणेश वंदना और गुरू वंदना के साथ भजनों का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान भक्तों ने भक्तों ने तालियां बजाकर जय श्रीराम, जय बाला जी महाराज का जयघोष कर वातावरण



को गुंजायमान कर दिया। दरबार में रुद्रपुर से पहुँचे अमन सावरिया ने रंगीन गुव्वारो से मंडप सजाया है, मिश्री वाला केक मंगाया है.. जिसे चखेगा बाबा तू, हम सव बोलेंगे हैप्पी बर्थडे टू यू, बाबा तुम्हारे लिए कुछ भी नहीं लाए हैं, दर्शन देते रहना आस लें के आए हैं.. आदि सुन्दर भजनों से बालाजी महाराज का गुणगान किया। वहीं ग्वालियर से पहुँचे मनोज शर्मा ने हे दु:ख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार, पवन सुत बिनती बारम्बार आदि सुन्दर सुन्दर भजनों से बाबा का गुणगान किया। भजनों के बीच में बाबा भक्तों ने चौदह जयकारों का उदघोष कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। दरबार में पहुंचने महंत राजेन्द्र अग्रवाल सहित अन्य विशिष्ठ जनों एवं भजन गायकों का श्री बालाजी मण्डल शीशगढ़ के पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। देर रात आरती और भोग के साथ दरबार सम्पन्न हुआ। इस दौरान बाला जी मंडल शीशगढ़ के सदस्य सौरभ अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, लक्ष्मी देवल, राजीव गुप्ता, राजीव कठेरिया, वीरेंद्र कठेरिया, अंकित राठौर, वीरेंन्द्र कठेरिया, त्रिमल सिंह राठौर, संजीव रस्तोगी, अंकित राठौर, अरुण राठौर, संजय राठौर, दीपक वर्मा, रामप्रकाश गुप्ता, अंटू रस्तोगी, संजीव कठेरिया आदि भक्त दरवार में मौजूद रहे।

# मजदूर विरोधी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष का निर्णय



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और ट्रेड यूनियनों की रोडवेज परिसर मे मई दिवस आयोजन संयुक्त समिति' के साझा मंच के जरिये कार्यक्रम किया गया। जिसका संचालन प्रगतिशील भोजनमाता यूनियन की रजनी ने किया। सभा में वक्ताओं ने मजदूर दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर बात रखते हुए कहा कि 8 घंटे के कार्यदिवस की मांग को लेकर 1886 में शिकागो के मजदूरों के संघर्ष की याद में मई दिवस की नींव पड़ी। 4 मई को अमेरिका के हे मार्केट में निहत्थे मजदूरों के खून से सड़कों को लाल कर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मजदूरों के आठ घंटे काम के कार्यदिवस के अधिकार को हासिल करने के लिए चले आंदोलन में शहीद हुए मजदूरों की याद में हर साल मनाया जाता है। इस आंदोलन के बाद ही पूरी दुनिया में आठ घंटे का कार्यदिवस लागू हुआ। आज केंद्र सरकार मजदूर पक्षीय 44 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 श्रम कोड थोपने पर आमदा है।जिसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। वक्ताओं ने कहा कि आज दुनियाभर के पूंजीवादी साम्राज्यवादी शासक युद्धोन्माद में लगे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध को दो साल से अधिक हो चुके हैं तो फिलिस्तीन में हजारों लोगों का नरसंहार किया जा चुका है। वक्ताओं ने देश में बढ़ रहे फासीवाद के खतरे के प्रति सचेत रहते हुए संघर्ष करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लगातार अल्पसंख्यकों पर हमलावर है। इसके साथ ही दलितों, आदिवासियों, महिलाओं को भी लगातार निशाना बनाया गया है।सभा में धर्म, जाति, क्षेत्र, के आधार पर बंटने के बजाय मजदूर मेहनतकशों की मजबूत एकता बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में दीपक कांडपाल, धनसिंह गड़िया, कमला कुंजवाल, पंकज, कैलाश पाण्डे, राजेन्द्र सिंह वालिया, महेश, बहादुर सिंह जंगी, मुकेश भंडारी, योगेश, हरीश, आनंद आदि वक्ताओं ने बात रखी। सभा में अशोक कश्यप, अखिल शर्मा, रियासत, उमेश, प्रकाश, उमेश चंदोला, मोहन, मनोज आर्य आदि मौजूद रहे।

# चारधाम यात्रा में ड्रोन और सीसीटीवी से लाईव होगी निगरानी

## अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था एपी अंशुमान ने पुलिस और एसडीआरएफ प्रभारियों को चारधाम यात्रा की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पुख्ता करने के दिये सख्त दिशा निर्देश



देहरादून। चारधाम यात्रा में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से नजर रखी जाएगी। इसके लिए सभी सीसीटीवी कैमरों के ग्रिड बनाकर उन्हें जिलों के कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों के ग्रिड को भी जिलों और पुलिस मुख्यालय के कंट्रोल रूम जोड़कर नजर रखी जाएगी। इस संबंध में बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था एपी अंशुमान ने अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने यातायात, दुर्घटना संभावित स्थलों, भीड़ नियंत्रण आदि के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमान ने बुधवार को चारधाम यात्रा से संबंधित जिला पुलिस प्रभारियों और एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक की। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर पर डीआईजी कानून व्यवस्था को नोडल अफसर बनाया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यातायात के सुचारू रूप से संचालन के लिए तैयार किए गए यातायात प्लान को समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और अन्य प्रचार माध्यमों पर प्रसारित किया जाए। साथ ही जगह-जगह चारधाम यात्रा मार्ग संबंधी साइनबोर्ड भी लगाने के निर्देश अपर पुलिस महानिदेशक ने दिए। उन्होंने सभी जिला पुलिस प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की ग्रिड बनाकर उनकी फीड कंट्रोल रूम के साथ-साथ डीआईजी कानून व्यवस्था से भी साझा करने को कहा। इसके साथ ही यात्रा मार्ग पर अधिक से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल करने के लिए भी निर्देशित किया। क्षतिग्रस्त मार्गों को समय से सही कराने के लिए संबंधित जिले के जिलाधिकारी व अन्य विभागों से समन्वय बनाया जाए।भीड़भाड़ वाले स्थानों, पार्किंग स्थलों समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम लगाकर जनता को जागरूक किया जाए। पुलिस बल के लिए रहने व खाने की समुचित व्यवस्था को समय से पूरा कर लिया जाए। चारधाम यात्रा मार्ग पर ढाबे, दुकानों और होटलों में बाहरी राज्यों से आने वाले कर्मचारियों का सत्यापन कर लिया जाए।बाहरी राज्यों से आने वाले वाहन चालकों को पर्वतीय मार्ग के यात्रा करने, भूस्खलन संभावित इलाकों के संबंध में लगातार जानकारी दी जाए।यात्रा मार्ग पर सभी जानकारियों के संबंध में साईन बोर्ड व विभिन्न भाषाओं में डिस्प्ले बोर्ड व होर्डिंग लगाए जाएं । गढ़वाल रेंज के सभी यातायात प्रभारी चारधाम यात्रा मार्गों पर यातायात से संबंधित सूचनाओं को व्हाट्सएप ग्रुप पर डीआईजी से साझा करेंगे।दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में पुलिस अतिरिक्त सतर्कता बतरने के लिए भी लोगों को जागरूक करेगी।चारों धामों में कर्मचारियों की रोटेशन के हिसाब से ड्यूटी लगाई जाएगी।मार्ग अवरुद्ध होने की संभावना के मद्देनजर जिलाधिकारी, बीआरओ, से समन्वय स्थापित कर पहले से ही तैयारियां कर ली जाएं। अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान अगर यातायात बाधित हुआ तो इसकी जवाबदेही संबंधित थाना प्रभारी की होगी। यातायात का अधिक दबाव होने के मद्देनजर अलग-अलग स्थानों पर वाहनों को रोकने की व्यवस्था पहले से ही कर ली जाए। जो लोग यातायात बाधित करते हैं उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही यात्रा मार्ग पर जल्द से जल्द ब्लैक स्पॉट भी चिन्हित किए जाएंगे। ताकि, लोगों को कोई समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अलावा नदियों, घाटों, डूब क्षेत्रों आदि में लोगों को पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम से जानकारी दी जाए।

# अवैध खनन में लिप्त वाहनों के रजिस्ट्रेशन होंगे निलंबित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागारा में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने हेतु जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों उप निदेशक खनन व शासन द्वारा अधिकृत संस्थान कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होने सख्त निर्देश दिये कि जनपद में किसी भी प्रकार के अवैध खनन एवं परिवहन न हो इसके लिये सभी सम्बन्धित अधिकारी अपने क्षेत्रों में कार्ययोजना बनाकर अवैध खनन परिवहन को रोकना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित दिये कि ऐसे वाहन जो अवैध खनन व बिना रॉयल्टी के संचालित किये जा रहे हैं या अस्पष्ट नम्बर प्लेट के चल रहे हैं, उन्हें सीज करते हुए डीएल, रजि0 सस्पेंड की कार्यवाही करते हुए संबंधितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए खनन अधिनियम व अन्य नियमों के तहत चालान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि वाहन रॉयल्टी से अधिक खनिज, उपखनिज एवं मिट्टी के परिवहन में पकड़े जाते हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाते हुए उक्त रॉयल्टी क्रेता एवं विक्रेता (स्टोन क्रेशर, स्क्रीनिंग प्लांट, मोबाइल स्टोन क्रेशर मोबाइल स्क्रीनिंग प्लांट, पल्वराइजर प्लांट, हॉटमिक्स प्लांट, रेडीमिक्स प्लांट, रिटेल भण्डारणकर्ता, पट्टाधारक एवं अनुज्ञा धारक ) के विरूद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होने उपजिलाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों व उपनिदेशक खनन को निर्देश दिये कि सरकार द्वारा अधिकृत संस्था कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी द्वारा अवैध खनन परिवहन



को रोकने के लिये जा रहे चैकिंग कार्यवाही में पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान किये जोने के निर्देश दिये। उन्होने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर खनन कारोबारियों के साथ बैठक आयोजित कर अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के संबंध में जागरूक किया जाये ताकि अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके जिससे कि राजस्व में वृद्धि लाई जा सकें। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये गये कि अवैध खनन परिवहन के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। किसी भी दशा में राजस्व की हानि बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के प्राधिकारी को भी निर्देशित किया कि उनकी संस्था के सभी कर्मचारी चौकिंग के दौरान अपने आईडी कार्ड पहनेंगे जिससे कि उनकी पहचान हो सकें। उन्होने कहा कि संस्था को अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिये जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी उसके लिये जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा यथा सम्भव सहयोग किया जायेगा। उन्होंने उपनिदेशक खनन को निर्देश दिये कि वे जनपद की सभी क्रेशरों पर नियमित चौकिंग करें व अवैध खनन में उनकी संलिप्तता पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही करान सुनिश्चित करें। कलैक्शन कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद क्षेत्रान्तर्गत वर्तमान में 22 चौक पोस्ट स्थापित किये जा चुके हैं जिसमें 300 से अधिक कर्मचारी 24ग7 नियमित रूप से उप खनिज लदे वाहनों में रॉयल्टी चैकिंग हेतु तैनात किये गये हैं।उप निदेशक खनन ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में समस्त खनन पट्टा खनन अनुज्ञा धारक एवं परिवहन किये जा रहे कच्चे एवं पक्के उपखनिज की रॉयल्टी का कलैक्शन हेतु सरकार द्वारा अधिकृत संस्था कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी को अधिकृत किया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय,एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, मनोज कत्याल, अभय सिंह, ओ.सी. मनीष बिष्ट, उपनिदेशक खनन अमित गौरव, कैलाश रिवर बेड मिनरल एल एलपी के अधिशासी निदेशक सुरेश कुमार मेडिकोंडा सहित जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिसक्षेत्राधिकारी उपस्थित थे।

## मजदूर दिवस पर उठाई चार लेबर कोर्ट कानून वापस लेने की मांग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्रमिक संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर सिडकुल के नेस्ले चौक पर विशाल आम सभा हुई। सभा में सिडकुल की विभिन्न यूनियनों मजदूर संगठनों किसान यूनियन ने भागीदारी की। सभा को संबोधित करते हुए श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि आज इस सभा को आयोजित करने में हमें अपने संवैधानिक अधिकार के पालन के लिए माननीय हाईकोर्ट नैनीताल से आदेश लाना पड़ा। यह मजदूर अधिकारों के लिए प्रशासनिक उपेक्षा को साबित करता है। सिडकुल के शांतिपूर्ण आंदोलन के चरम उत्पीड़न पर रोकथाम से वंचित करने को आज हाईकोर्ट से विफल किया गया है। उन्होंने कहा समूचे औद्योगिक क्षेत्र की यूनियनों के मांग पत्र, सवालों को हल करने में प्रशासन विफल है वहीं श्रमिकों की जीवनी स्थितियां कष्ट कर होती जा रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार को श्रम विवादों के सटीक व सामंजस्य पूर्ण हल के लिए



कार्यवाही की जानी जरूरी है। अन्यथा की स्थिति में आने वाले दिन राज्य सरकार के लिए चुनौती पूर्ण होंगे। उक्त सभा में सभी वक्ताओं ने एक स्वर से मजदूरों के लोकतंत्र की बहाली की मांग की। वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा पारित चार लेबर कोड कानून को मजदूर की गुलामी के कानून घोषित किया और सरकार से पुराने 44 लेबर कानून की बहाली की मांग की। वक्ताओं ने मजदूर दिवस 1 मई 1886 शिकागो के शहीदों को याद करते हुए मजदूरों के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक न्याय की लड़ाई को मंजिल तक पहुंचाने का आवाहन किया। वक्ताओं ने आम सभा से संकल्प लेवाया गया कि आम चुनाव 2024 के उपरांत कॉर्पोरेट की मजदूर विरोधी आर्थिक नीतियों को पलटने हेतु जोरदार संघर्ष किया जाएगा। कार्यक्रम में मजदूर सहयोग केंद्र के अध्यक्ष मुकुल, एक्टू प्रदेश महामंत्री के० के० बोरा, इंकलाबी मजदूर केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश भट्ट, नगर सचिव दिनेश कुमार, भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष बलजिंदर सिंह मान, नेस्ले यूनियन अध्यक्ष महेंद्र सिंह, राने मद्रास यूनियन के उपाध्यक्ष कमलेश कार्की, बजाज मोटर्स के महामंत्री हीरा सिंह राठौड़, यजाकी यूनियन के महामंत्री रविंद्र कुमार, पीडीपीएल यूनियन महामंत्री नेत्रपाल, मैत्री मेटल महामंत्री निरंजन लाल, भगवती माइक्रोमैक्स के ठाकुर सिंह, ऑटो लाइन महामंत्री दुर्गेश तिवारी, इंटराच यूनियन अध्यक्ष दलजीत सिंह, जाईडस कॉन्ट्रैक्ट यूनियन के अनीता अन्ना, बेल राइस बड़वे के महामंत्री साहब सिंह,नील मेटल यूनियन यूनियन महामंत्री पवन सिंह, अडविक से सुधीर, वोल्टास यूनियन के सुधीर पांडे, एएलपी यूनियन के गंगा सिंह, एलजीबी गोविंद सिंह, रिद्धि सिद्धि के अध्यक्ष धीरज जोशी, एडिएंट यूनियन के गंगा सिंह, पीडीपीएल प्रकाश चीलवाल, कारोलिया लाइटिंग के अशोक सिंह आदि ने संबोधित किया। संचालन श्रमिक संयुक्त मोर्चा के महासचिव चंद्र मोहन लखेड़ा ने किया। इस अवसर पर श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन भी भेजा गया।

## घर से भागी छात्रा बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हाईस्कूल रिजल्ट में फेल होने पर घर से भागी छात्रा को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार विगत सायं मंगल पड़ाव चौकी क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी बालिका हाई स्कूल की परीक्षा में फेल हो गई और निराश होकर घर से बिना बताए चली गई। काफी



खोजबीन करने के बाद भी जब उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो उसकी मां ने स्थानीय चौकी मंगल पड़ाव में आकर पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही दिनेश चंद्र जोशी, प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव द्वारा अपनी टीम के साथ तत्काल गुमशुदा बालिका की खोजबीन शुरू कर दी। काफी प्रयासों के बाद पुलिस ने मात्र 3 घंटे में ही गुमशुदा बालिका को ढूंढ निकाला और उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया। परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। चौकी प्रभारी द्वारा बालिका को निराशा छोड़ मेहनत करने और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए प्रेरित किया गया।

## धूमधाम से मनाया अजय भट्ट का जन्म दिन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में श्री नीलकंठ धाम शैलजा कॉलोनी में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं नैनीताल लोकसभा के प्रत्याशी अजय भट्ट का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और हनुमान चालीसा का पाठ कर अजय भट्ट के दीर्घायु की कामना की। इस अवसर प्रदेश के मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि अजय भट्ट जमीन से जुड़े हुए नेता है प्रत्येक कार्यकर्ता की वह चिंता करते हैं और उन्होंने बहुत सारे कार्यकर्ताओं को राजनीति में आगे बढ़ने का भी काम किया है। विकास शर्मा ने कहा कि वह महादेव से विनती करते हैं कि अजय भट्ट इसी तरह इस क्षेत्र की सेवा करते रहे और नई सरकार में उन्हें पुन: मंत्री पद की जिम्मेदारी मिले।इस



दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, उत्तरी मंडल के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, दक्षिणी मंडल के महामंत्री सुनील ठुकराल, विकास सागर, आशीष यादव, प्रीति,राजू चौहान, मोर्शी यादव, पवन खनिजों, जितेंद्र चौहान, जितेंद्र संधू, देव मेनन, सौरव राजपूत, राजन राठौर, राजू चौहान, राकेश लोधी, गोविंद शर्मा, आकाश यादव, सूरज पांडे, अभिषेक यादव,सोनू दास, संजय हैरी आदि लोग मौजूद थे।

## सेवा, सुरक्षा,शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार देगी सनातन ऐड इंडिया : विवेक कॉल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सनातन ऐड इंडिया के प्री लॉन्च में सनातन ऐड इंडिया के प्रवक्ता विवेक कॉल ने सनातन ऐड का विचार कैसे तथा क्यों मन में आने के बाद कैसे प्री लॉन्च की स्थिति तक पहुंचा की यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे विश्व भर में सेवा करने वाली संस्थाएं कार्य कर रही है। मन में आता था कि कभी सनातनी भी ऐसी कोई संस्था बने। इसको साकार रूप देने के लिए कई देशों में रहने वाले प्रवासी भारती तथा भारत में रहने वाले अनेक लोगों के साथ विचार कर इस संस्था का निर्माण हुआ है। उन्होंने बताया कि मूलता इस संस्था का लक्ष्य सेवा, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा



संस्कार है। विवेक ने बताया कि सेवा के माध्यम से समाज को स्वावलंबी बनाना तथा विश्व बंधुत्व का भाव जगाना है। समाज बंधुओं में स्वयं सुरक्षा का भाव जगाना ताकि सब अपनी सुरक्षा के साथ समाज देश धर्म की सुरक्षा के लिए जागृत व संगठित करना है। सनातन धर्म का मूल ही संस्कार है। सब को सनातन संस्कारों की जानकारी देना तथा सनातन संस्कार केंद्रों की स्थापना करना है। इस दौरान संस्था के विवेक कॉल आई साथ डा. भारत भूषण, दीपक माहेश्वरी, राहुल वार्ष्णेय,दीपक जोशी, नीरज शारदा, रमन कुमार दिल्ली से, उपस्थिति रहे।

## मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शांतिपुरी में प्रवेशोत्सव मनाया गया । जिसका विद्यालय के संरक्षक डॉ गणेश उपाध्याय एवं प्रधानाचार्य श्रीमती बृजेश गुप्ता तथा समस्त विद्यालय स्टाफ द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। नवीन प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर डॉ गणेश उपाध्याय



द्वारा बोर्ड परीक्षा में 2024 में सफल सम्मान उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी गई एवं पुरस्कार दिए गए। डॉ उपाध्याय एवं समस्त अभिभावकों द्वारा विद्यालय का परीक्षा फल 100% होने पर विद्यालय के शिक्षकों एवं उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई दी। डॉ उपाध्याय ने बोर्ड परीक्षा में 2024 मे 90% ऊपर प्राप्तांक करने वाली छात्रा मीनाक्षी जोशी को दस हजार चैक इनाम तौर पर देने की घोषणा की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अभिवावक संघ के अध्यक्ष केदारनाथ जोशी, एसएमसी के अध्यक्ष खिमानंद जोशी विद्यालय के समस्त शिक्षिकाएं ,शिक्षक कर्मचारी एवं अनेक अभिभावक गण उपस्थित थे।

## लीग मैच में उधमसिंह नगर बी और पिथौरागढ़ ने जीते अपने मैच

रूद्रपुर (उद संवाददात)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में जिला इकाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के द्वारा आयोजित अंडर-19 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड में उत्तरकाशी और उधम सिंह नगर बी के मध्य खेला गया। उत्तरकाशी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के खेल में 9 विकेट पर 253 रन बनाएं ।जिसमें अतुल सैनी ने 60 और रुद्र प्रताप सिंह ने 61 रनों का योगदान दिया। उधम सिंह नगर की तरफ से शौर्य श्रीवास्तव ने 3 और मृत्युंजय पांडे ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उधम सिंह नगर की टीम ने 6 विकेट से मैच जीत लिया। उधम सिंह नगर बी की तरफ से आदित्य राज ने शानदार



शतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 106 रन उनका साथ कपिल रावत ने जिन्होंने नाबाद 81 रनों का योगदान दिया। उत्तरकाशी की तरफ से जितेंद्र राणा ने और अतुल सैनी ने 1-1विकेट लिए। इस मैच के अंपायर राघवेंद्र पवार और मोहम्मद आमिर ऑनलाइन स्कोरिंग पवन द्वारा की गई। इस अवसर पर एमिनिटी स्पोर्ट्स अकादमी के एचडी सुभाष अरोड़ा इंद्र नीलकर ,बलवंत सिंह वर्तमान खेल प्रेमी उपस्थित रहे। वही जैन ग्लोबल स्कूल में पिथौरागढ़ और बागेश्वर के मध्य मैच खेला गया। पिथौरागढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 314 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें विनय कापड़ी ने 134 रन, अभय अधिकारी ने 54 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया बागेश्वर की तरफ से अशोक कुमार ने 3 कोणार्क और विवेक धामी ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बागेश्वर की पूरी टीम 135 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें पंकज टाकूली ने 45 और अजय भट्ट ने 21 रनों का योगदान दिया। पिथौरागढ़ की तरफ से प्रवेश कुमार ने 4 और साहिल रावत ने 2 विकेट लिए। मैच 179 रनो में से जीत कर दो अंक प्राप्त कर लिए। इस मैच के अंपायर निर्भय कुमार और मोहम्मद साजिद ऑनलाइन स्कोरिंग मोहित द्वारा की गई ।इस अवसर पर सुधाकर जोशी ,सुनील शर्मा, गौरव तिवारी, आफताब आलम और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मतदान के नए आंकड़े

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सम्पन्न हो चुके पहले और दूसरे चरण में हुई वोटिंग में कम मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग पर सवाल उठने शुरू हो गए थे कि उसका मतदाता जागरूकता अभियान कारगर साबित क्यों नहीं हो पा रहा। अब उसने अंतिम आंकड़े जारी किए हैं, जो पिछले आंकड़ों से पांच से छह फीसद तक अधिक हैं। यानी दोनों चरण में छियासठ फीसद से अधिक मतदान हुए। यह एक संतोषजनक आंकड़ा कहा जा सकता है। मगर विपक्षी दलों ने सवाल उठाया है कि निर्वाचन आयोग ने अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया। ये आंकड़े पहले चरण के ग्यारह दिन और दूसरे चरण के चार दिन बाद आए हैं। अभी तक मतदान के चौबीस घंटों में अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे। फिर विपक्षी दलों ने यह भी पूछा है कि आयोग ने मतदाताओं की संख्या क्यों नहीं बताई है। इस तरह चुनाव नतीजों में गड़बड़ी की शंका भी जाहिर की जाने लगी है। पहले ही विपक्षी दल और कई सामाजिक संगठन मतदान मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते रहे हैं। निर्वाचन आयोग के चुनाव प्रक्रिया और परंपराओं का उचित निर्वाह न करने से उनका संदेह स्वाभाविक रूप से और गहरा होगा। यह समझना मुश्किल है कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया। मशीनों के जरिए मतदान कराने के पीछे मकसद यही था कि इससे मतगणना में आसानी होगी, मतदान से संबंधित आंकड़ों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। मतदान मशीनों की केंद्रीय इकाई में हर मतदान केंद्र पर पड़े मतों की संख्या दर्ज होती है। इस तरह हर घंटे मतदान के आंकड़े जारी किए जाते हैं। हालांकि अंतिम आंकड़ा मतदान अधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज संख्या से मिलान करने के बाद ही तय होते हैं। इसलिए मान कर चला जाता है कि मतदान मशीनों की केंद्रीय इकाई से मिले आंकड़ों में कुछ फीसद की बढ़ोतरी हो सकती है। मगर मतदान अधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज संख्या की गणना करने में भी इतना वक्त नहीं लगता। जब इससे पहले मतदान समाप्त होने के अगले दिन अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे, तो इस बार ऐसी क्या अड़चन आ गई कि ग्यारह दिन लग गए। फिर मतदाताओं की संख्या वेबसाइट पर बताने में क्या दिक्कत है। वह तो मतदाता सूची में दर्ज ही होती है। आज के डिजिटल युग में ऐसी सूचनाएं जारी करने में ज्यादा समय नहीं लगता। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए, बल्कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता भी बनाए रखे। अगर किसी विषय या बिंदु पर आम लोगों या राजनीतिक दलों को किसी प्रकार का संदेह या प्रश्न है, तो उसका निराकरण भी करे। पहले ही आम मतदाता के मन में यह धारणा बैठी हुई है कि मशीनों में गड़बड़ी करके मतों को इधर से उधर किया जा सकता है। फिर राजनेताओं के आपत्तिजनक बयानों और आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों पर पक्षपातपूर्ण रवैए के आरोप भी निर्वाचन आयोग पर लगते रहे हैं। ऐसे में उससे अतिरिक्त रूप से सावधान रहने की अपेक्षा की जाती है। चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए आयोग ने बढ़-चढ़ कर दावा किया था कि वह नियम-कायदों की किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगा। मगर उसके इस दावे पर भरोसा इस बात से बनेगा कि वह खुद नियम-कायदों की कितनी परवाह करता है।

# बढ़ती जा रही वनाग्नि की घटनायें, दो फायर वाचर झुलसे



देहरादून। उत्तराखंड में जंगलों के धधकने का सिलसिला थमने के बजाय बढ़ता जा रहा है। शुष्क मौसम के चलते जंगल की आग और विकराल होती जा रही है। मंगलवार को 24 घंटे के भीतर प्रदेश में आग की 68 नई घटनाएं हुईं, जिनमें कुल 88 हेक्टेयर वन क्षेत्र को क्षति पहुंची है। इस दौरान कुमाऊं में दो फायर वाचर भी आग की चपेट में आकर झुलस गए। वन विभाग की ओर से जंगल में आग लगाने वालों की गिरफ्तारी और मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई भी जारी है। अब तक जंगल में आग लगाने पर वन अपराध के तहत कुल 298 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं और 50 व्यक्तियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, फायर सीजन में अब तक कुल 721 घटनाओं में 903 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल चुका है। इसके अलावा अब तक जंगल की आग में दो फायर वाचर समेत चार व्यक्ति भी झुलस चुके हैं। मौसम की बेरुखी के बीच उत्तराखंड के जंगलों में आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद जंगल की आग पर काबू पाने में वन कर्मियों के हाथ-पांव फूल रहे हैं। खासकर रिहायशी क्षेत्रों के आसपास जंगल की आग पहुंचने से जानमाल के नुकसान का खतरा बना हुआ है। सेना के सहयोग से वन कर्मी लगातार जंगल की आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं।नैनीताल वन प्रभाग के अंतर्गत भवाली रेंज में एक फायर वाचर और अल्मोड़ा वन प्रभाग के अंतर्गत कोसी रेंज में एक फायर वाचर जंगल की आग बुझाने के दौरान झुलस गए। वन विभाग की ओर से मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही जंगल की आग की सूचना देने के लिए नंबर भी जारी किए गए हैं। 18001804141, 01352744558 पर काल कर सकते हैं। साथ ही 9389337488 व 7668304788 पर वाट्सएप के माध्यम से भी सूचित कर सकते हैं। इसके अलावा राज्य आपदा कंट्रोल रूम देहरादून को भी 9557444486 और हेल्पलाइन 112 पर भी आग की सूचना दे सकते हैं।टिहरी बांध प्रथम वन प्रभाग, नैनीताल वन प्रभाग, भूमि संरक्षण रानीखेत वन प्रभाग, अल्मोड़ा वन प्रभाग, सिविल सोयम अल्मोड़ा वन प्रभाग, तराई पूर्वी वन प्रभाग, रामनगर वन प्रभाग, मसूरी वन प्रभाग, लैंसडौन भूमि संरक्षण वन प्रभाग, सिविल सोयम पौड़ी वन प्रभाग, केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग आदि में जंगल धधक रहे हैं। बेकाबू हो रही जंगल की आग को बुझाने में सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। जबकि, कुछ शरारती तत्व जानबूझकर जंगल में आग लगा रहे हैं। जिस पर वन विभाग की ओर से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अब तक इस सीजन में जंगल में आग लगाने पर वन संरक्षण अधिनियम और वन अपराध के तहत 298 मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। जिनमें 252 मुकदमे अज्ञात और 46 मुकदमे ज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कराए गए हैं। साथ ही अब तक कुल 50 व्यक्तियों को जंगल में आग लगाने पर गिरफ्तार किया जा चुका है।

# शासन ने खनन निदेशक एसएल पैट्रिक को किया निलंबित

देहरादून। शासन ने भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशक एसएल पैट्रिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



उन्हें सचिव खनन के कार्यालय में संबद्ध कर दिया गया है। उन पर एक निजी व्यक्ति ओम प्रकाश तिवारी के साथ सरकारी तंत्र को लेकर दुरभि संधि करने, सांठगांठ करने और अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप है। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभाग को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बता दें कि इसी व्यक्ति पर पैट्रिक ने 50 लाख रुपये की रंगदारी लेने के लिए बंधक बनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पैट्रिक 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अपर सचिव लक्ष्मण सिंह ने इस संबंध में निलंबन के आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि ओम प्रकाश तिवारी ने निदेशक पैट्रिक पर लेन-देन व प्रलोभन के गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों का पैट्रिक ने चौट के माध्यम से दिए गए जवाब में किसी प्रकार का कोई खंडन अथवा विरोध नहीं किया। वाट्सएप चौट से पैट्रिक की एक निजी व्यक्ति से मिलीभगत, शासकीय गोपनीयता भंग करने और पद का दुरुपयोग करना साफ तौर पर दिखाई देता है। जबकि उनसे यह अपेक्षा है कि वह सौंपे गए कार्य व दायित्वों का वह गोपनीयता के साथ निर्वहन करेंगे। किसी भी स्थिति में दायित्वों का दुरुपयोग नहीं करेंगे। आदेश में कहा गया है कि किसी निजी व्यक्ति के निजी स्थान पर जाकर उससे लाभ देने की नीयत से बात करने, किसी व्यक्ति के साथ सरकारी तंत्र को लेकर दुरभि-संधि करने, सांठ-गांठ करने, अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर अनुचित लाभ पहुंचाए जाने का कृत्य नहीं किया जाएगा। लेकिन पैट्रिक ने अपने इन पदीय कर्तव्यों के विपरीत जाकर कृत्य किया, जो अत्यंत गंभीर प्रकृति का होने के साथ-साथ सरकार की छवि खराब करने की श्रेणी का है। पैट्रिक पर ई निविदा सह ई नीलामी एवं अन्य महत्वपूर्ण मामलों में लचर कार्य प्रणाली, उदासीन रवैया और सरकारी कार्यों को समय पर पूरा करने का भी आरोप है। आदेश में कहा गया है कि निदेशालय स्तर पर फाइलें अनावश्यक रूप से लंबित हैं, जिसके चलते स्वीकृत खनन पट्टों की स्वीकृति में विलंब होने से सरकार को राजस्व प्राप्त नहीं हो पाया। पैट्रिक पर विभागीय सरकारी वाहनों को अपने निजी कार्यों में इस्तेमाल करने व पारिवारिक सदस्यों के उपयोग करने और निदेशालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी अपने घरेलू कार्यों में लगाए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

# एसपी विशाखा ने सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड तक किया यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण



रूद्रप्रयाग। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने बुधवार को रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, कुण्ड, गुप्तकाशी, फाटा, सोनप्रयाग होते हुए गौरीकुण्ड तक की यात्रा व्यवस्थाओं एवं पुलिस व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा यात्रा मार्ग पर स्थापित स्थाई व अस्थाई पुलिस चौकियों, पुलिस थाने, पर्यटन पुलिस सहायता केन्द्रों का निरीक्षण कर की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत पर्यटन पुलिस केन्द्रों व यातायात बूथों को आकर्षक बनाये जाने व इनमें ड्यूटीरत होने वाले पुलिस कार्मिकों की सुविधाओं के अनुरूप व्यवस्थायें बनाने के निर्देश दिए गए। कोतवाली सोनप्रयाग में भोजनालय, कर्मचारी बैरक इत्यादि का सौन्दर्यीकरण किये जाने के निर्देश दिए गए। कोतवाली सोनप्रयाग के भोजनालय की क्षमता बढ़ाये जाने, अतिरिक्त पुलिस बल की आवासीय व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस कार्मिकों का सम्मेलन लेकर आगामी यात्राकाल अवधि मे सही ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।सोनप्रयाग व सीतापुर स्थित पार्किंगों के एन्ट्री व एग्जिट प्वाइंट खाली रखने व यहां पर आने व जाने वाले वाहनों को मूवेबल बनाये रखने के निर्देश दिए गए। सोनप्रयाग शटल पार्किंग और शटल सेवा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध कराने हेतु बनी बैरिकेडिंग्स को सही ढंग से सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड तक के सड़क मार्ग व गौरीकुण्ड की छोटी पार्किंग का निरीक्षण कर यात्रा रूट को क्लियर रखे जाने व यात्रियों हेतु जागरुकता साइनेजज लगाए जाने के निर्देश दिए गए। गौरीकुण्ड घोड़ा पड़ाव से लेकर गौरीकुण्ड गेट तक का क्षेत्र यात्रा काल में भीड़ भाड़ रहित रखे जाने व इस क्षेत्र में घोड़ा-खच्चर को किसी भी दशा में खड़ा न कराये जाने के निर्देश दिए गए। गौरीकुण्ड पुलिस चेक पोस्ट का निरीक्षण कर किये जा रहे सत्यापन व यहां पर बनाये गये रजिस्टर को चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस चौकी गौरीकुण्ड पहुंचकर बैरकों व भोजनालय का सौन्दर्यीकरण करने के निर्देश दिए गए। उपस्थित पुलिस बल का सम्मेलन लेकर अपना कर्तव्य निर्वहन सही ढंग से करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अवसर पर उपस्थित सभी प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि आगामी दिनों में यात्रा व्यवस्था के सफल संचालन हेतु अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी जायेगी। विभिन्न थाना चौकियों में प्रचलित कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## जीवन का अंतिम लक्ष्य है खुशी

जीवन में जब हम छोटे होते हैं हम सोचते हैं कि जब हम बढ़े हो जायेंगे तब हमें खुशी मिलेगी जब हम बढ़े हो जाते हैं तो फिर हम हम सोचते हैं हमारा विवाह हो जायेगा, बच्चे होंगे,अच्छी नौकरी या अच्छा बिजनेस,ढेर सारा रूपया होगा, कार होगी,कोठी होगी अच्छा पड़ोसी होगा तो हमे खुशी मिलेगी परन्तु ये जीवन अपनी अबाध गति से अनवरत यूं ही चलता जाता है उम्र यूं ही घटती जाती है वह खुशी व आनंद उसे प्राप्त नहीं हो पाता खुशी,प्रसन्नता, उल्लास, आनन्द, हर्ष -चाहे जो भी कह लें अर्थ तो एक ही है मनुष्य को जब अन्दर से आनन्द की अनुभूति हो अच्छे विचार तो उसे बाहर भी हर तरफ आनन्द जान पड़ता है स्वेट मार्डन-कहते हैं यदि हम आन्तरिक रूप से प्रसन्न हैं तो हमें सारी प्रकृति मुस्कुराती प्रतीत होती है खुशी आपके जीवन का लक्ष्य नहीं, बल्कि जीवन होना चाहिए,यदि आपकी आशा के अनुरूप काम न हों तो आप निराश हो जाते हैं दुःखी हो जाते हैं आप पुन: प्रयास करते रहे एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी अपने आज को अद्भुत बनाये अपने जीवन के हर एक पल व छोटे-छोटे लम्हो को खुशी से संजोए जीवन के हर एक पल व छोटे-छोटे लम्हों में ही खुशी समायी है खुशी का कोई रास्ता नहीं खुशी ही रास्ता है खुशी आने का इंतजार बंद करें बस खुश रहने का निर्णय ले यदि हमें शारीरिक दु:ख व मानसिक संताप से पीड़ित है हमें दूसरों की मदद करें। संगीत से, योग से, भक्ति व आध्यात्म से प्यार करे जिससे हमें आन्तरिक शान्ति,संतोष, करूणा,व सहानुभूति प्राप्त होगी मानवता में प्रेम व करूणा के मायने हैं युद्धों के बाबजूद आबादी में इजाफा हो रहा है यह प्रेम व करूणा का ही राज है क्रोध व नफरत ऐसी भावनाएं है जिससे पीछा छुड़ाना आसान नहीं क्रोध अंधेरी राह पर धकेलती है करूणा बचातीं है जियो और जीने दो। शान्ति को नमन करो उस ब्रह्मा ने ब्रह्मांड बनाया, इंसान समझ नहीं पाया मन की शान्ति के लिए जरूरी है प्रकृति से प्रेम,मनुष्य प्रकृति से ही बना है जब भी मन अशान्त लगे प्रकृति में किसी भी शान्त जगह पर बैठे आसपास की चीजों को महसूस करे जैसे पक्षियों का कलरव झरनों की झरझर,नदी के पास हरे पेड़ों के पास से आती ठंडी शीतल हवाएं, पेड़ों से झांकती सुबह की उजली किरणे बहती नदी के पानी को हाथ से छिलाना अपनी देह पर उस शीतल जल के छीटे मारना आदि- आदि उस शक्ति-प्रकृति हवा,पानी, मृदा, सूर्य के प्रकाश आदि को उसे शुद्ध रहनें दो अपने भविष्य के लिए।सादा जीवन अपनाएं अपने विचारों को उच्च बनाये जो भी कार्य करें बिना किसी को नुकसान पहुंचाये। यही खुशी व प्रसन्नता है यही खुश रहनें का फलसफा है।



-नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर

## खिल खिलाकर हंसना स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद

हास्य कला हम सबके लिए अनुपम और अद्वितीय सोपान है, जो सृष्टि के सिरमौर मानव प्राणी को शांतिपूर्ण, खुशहाल जीवन जीने और तनाव से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दुर्भाग्य वश आज समाज में भौतिक सुखों की भागदौड़ ने मनुष्य को तनाव, ईर्ष्या, कुंठा, निराशा, द्वेष, अशांति से ग्रसित कर दिया है और तो और चेहरे की मुस्कराहट को छीन लिया है। मनोवैज्ञानिक पक्ष के अनुरूप हास्य योग मनुष्य के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की कुंजी है। हास्य प्रकृति ने हमें नि:शुल्क सौगात के रूप में प्रदान की हुई है, हंसने और हंसाने में हमें कोई आर्थिक खर्च भी नहीं करना पड़ता। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार हास्य मनुष्य में सकारात्मक सोच और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, तनाव रहित, शांतिपूर्ण जीवन जीने की ऊर्जा संचारित करने में सक्षम है। गौरतलब है कि विश्व हास्य दिवस मई माह के प्रथम रविवार को सम्पूर्ण विश्व में इसलिए मनाया जाता है ताकि लोगों के मन - मस्तिष्क में स्वास्थ्य, हर्षोल्लास, उत्साह, तनाव मुक्त और शांतिपूर्ण खुशहाल जीवन जीने का मौका मिल सके। हास्य क्षेत्र में इस आयाम को प्रतिपादित करने में हास्य मर्मज्ञ डॉ मदन लाल कटारिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हास्य एक सकारात्मक और शक्तिशाली भावना है, जिसमें मानव प्राणी को ऊर्जावान और विश्व में शांति स्थापित करने के सभी गुण विद्यमान हैं। विश्व हास्य दिवस को मनाने का मूल उद्देश्य संपूर्ण विश्व में शांतिपूर्ण सद्भावना और भाईचारा कायम करना है। हास्य योग से व्यक्ति, परिवार और समाज में आपसी रिश्ते प्रगाढ़ होते ही हैं, अपितु हास्य तनाव को कम करके मानव प्राणी की आयु बढ़ाने में भी सहायक है। हंसने और हंसाने से तन मन में उत्साह का संचार होता है। हास्य हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। हंसने की प्रक्रिया के अंतर्गत शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन बनता है, जो मन मस्तिष्क को सकारात्मकता से भर देता है। हंसना और हंसाना एक उपचार पद्धति है और जीवन जीने की कला भी। हंसना स्वास्थ्य के लिए सदैव लाभकारी है। समग्र स्वास्थ्य और सुखी जीवन जीने के उद्देश्य से हंसना और हंसाना हमारे लिए बेहद जरूरी है। जब भी हंसने और हंसाने का अवसर मिले तो हमें खूब हंसना और हंसाना चाहिए। हास्य योग हमें तनाव मुक्त रहने के साथ-साथ शांति, उत्साह, उमंग, सकारात्मकता, प्रसन्नता और खुशहाली प्रदान करने में परिपूर्ण है।



**प्रस्तुति:- लेखक डॉ आर के राणा, नेचुरोपैथी योग एण्ड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रख्यात पर्यावरणविद हैं।**

# प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में नव प्रवेशोत्सव का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर ,विकास क्षेत्र गदरपुर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक शिक्षा दलेल सिंह राजपूत , डाबर के डिप्टी मैनेजर अनुरोध शर्मा, सुनील नापत्ति एग्जीक्यूटिव व उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह सिरोही विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य शिक्षाधिकारी व अन्य सभी आमंत्रित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा किया गया ।इसके पश्चात सरस्वती मां के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नव प्रवेशित बच्चों को पाठ्य सामग्री प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। नवप्रवेशित कार्यक्रम के दौरान कक्षा एक में नव प्रवेशित बच्चों की संख्या 7 ,कक्षा 2 में 6 ,कक्षा 3 में 6 ,कक्षा 4 में 7, कक्षा





5 में 6 रही । इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्री गुलाब सिंह सिरोही ने अपने वक्तव्य में कहा कि कक्षा एक में प्रवेश की आयु को 5 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है ताकि प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन की संख्या बढ़ सके ।इस अवसर पर हाई स्कूल जगदीशपुर के प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी जी ने अवगत कराया कि कक्षा 6 से 10 तक विद्यालय में कुल 60 नामांकन हो चुके हैं। जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक शिक्षा उधम सिंह नगर ने अपने वक्तव्य में सभी नव प्रवेशित बच्चों को समय से विद्यालय व विद्यालय में चल रही गतिविधियों और विद्यालय से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी और अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह अधिक से अधिक नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराएं,ताकि आपके पालकों को उचित शिक्षा व समुचित वातावरण मिल सके ।इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापिका श्रीमती अमिता मेहरा,साक्षी सचान,बबीता गुप्ता, नीरा देवी,रेखा राय के अलावा हाई स्कूल जगदीशपुर से राजेंद्र सिंह,धर्मवीर सिंह, जयप्रकाश सिंह श्रीमती शोभा रानी एवं मंजू जोशी उपस्थित रहे । इस मौके पर विद्यालय के छात्र छात्राओं के अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नव प्रवेशित बच्चों के लिए एक सेल्फी प्वाइंट के रूप में एक मनोरंजन सेल्फी ट्रेन भी बनाई गई थी। जिसमें बैठकर बच्चे उत्साह पूर्वक अपना फोटो व सेल्फी लेते नजर आए ।जिस फोटो को लेते हुए वह बड़े ही उत्साहित नजर आ रहे थे कार्यक्रम का संचालन राजकीय प्राथमिक विद्यालय धीमरी खत्ता की सहायक अध्यापिका श्रीमती श्रद्धा रानी व प्रधानाध्यापक जगदीशपुर विजय शंकर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाध्यापक जगदीशपुर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# जंगली सुअरों के हमले से आशा कार्यकर्ती हुई घायल

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिला मुख्यालय से सात किमी दूरी पर स्थित डुंगरगांव के ग्रामीण जंगली सुअरों के आतंक से परेशान है, जंगली सुअरों द्वारा लगातार ग्रामीणों के खेत खलिहानों में जहां ग्रामीणों की फसलों को तबाह कर रहे है, वही क्षेत्र में आए दिन जंगली सुअरों का झुंड दिखने सेक्षेत्र के ग्रामीण भयभीत है, डुंगरगांव में जंगली सुअरों के झुंड के हमले से गाँव की आशा कार्यकर्ती गम्भीर रूप से घायल हो गई।महिला ने जैसे तैसे जंगली सुअरों के झुंड से अपनी जान बचाई, वही आसपास लोगों के द्वारा हो हल्ला नही किया होता तो आशा कार्यकर्ती को जंगली सुअरों के झुंड द्वारा हमला करने से बड़ी अनहोनी हो सकती थी, बुधवार शाम गांव की हेमा देवी पत्नी राजेन्द्र



सिंह अपने खेत खलिहान में गेहूं और पशुओं के चारे के लिए गई थी, तभी अचानक जंगली सुअरों के झुंड ने आशा कार्यकर्ती पर हमला बोल दिया, वही जैसे तैसे आशा कार्यकर्ती ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित रहने के लिए चींख पुकार लगाई, वही चींख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने हो हल्ला कर दिया जिसके बाद आशा कार्यकर्ती पर जंगली सुअर द्वारा हमला कर दिया, इस दौरान वह गम्भीर रूप से घायल हो गई,जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल घायल महिला को डोली से सड़क मार्ग तक पहुंचाया, जिसके बाद 108 से घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया जहाँ चिकित्सको की टीम ने उसकाप्राथमिक इलाज किया, जहाँ उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।वही सूचना पर जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार भी जिला अस्पताल पहुँचे उन्होंने घायल महिला का हालचाल जाना, ग्राम प्रधान ललित परिहार, समाजिक कार्यकर्ता दीप जोशी, त्रिलोक सिंह रमेश सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि ने गांव में लगातार जंगली सुअरों के आतंक से निजात नही मिलने पर रोष जताया और जल्द जंगली सुअरों के आतंक से निजात नही दिलाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।वही वन क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह करायत ने बताया कि घायल महिला के इलाज के लिए वन विभाग की टीम अस्पतालमें घायल की देखरेख हेतु भेजे गए हैं, प्रभावित को विभाग द्वारा हरसंभव मदद प्रदान की जाएगी।

# सेवानिवृति शिक्षकों को दी विदाई

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरूनानक इण्टर कालेज के दो अध्यापकों के सेवानिवृति होने पर कालेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कालेज के हिन्दी के प्रवक्ता नेमचन्द्र मोर्य व अंग्रेजी के प्रवक्ता बख्तावर सिंह मार्च में सेवानिवृत हो गए थे। सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह में दोनो अध्यापकों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान कालेज के प्रधानाचार्य तरसेम सिंह ने अध्यापकों के कार्यकाल की सराहना करते हुये कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जो



अलख दोनों अध्यापकों ने जलाई है, उसकी कमी विधालय को हमेषा खलती रहेगी। कालेज के बच्चों को हिन्दी व अंग्रेजी की शिक्षा में अहम योगदान दिया है। दोनों अध्यापकों ने भी विधालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डा0 प्रशान्त विश्वास ,निर्मल सिंह, राजेन्द्र कौर, कश्मीरी लाल, मनीश गंगवार, अजमेरी लाल, ललित शर्मा, कमलजीत कौर नरेन्द्र सिंह , वीरेन्द्र गंगवार आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**मॉक ड्रिल में परखी...**को भेजने की जिम्मेदारी देखेंगे। वहीं डीईओसी टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय राजमार्ग-94 चम्बा-उत्तरकशी के स्थान-चम्बा धनौला पैट्रोल पम्प (किमी 60) में 7.4 तीव्रता के भूकंप आने से एक बिल्डिंग के जमींदोज होने की सूचना मिली।इस संबंध में ऑब्जर्वर (एनडीआरएफ) अमीर चन्द द्वारा डीएम/एडीएम सहित संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कंट्रोल रूम एवं थाना चंबा को सूचना भेजी गई। स्टेजिंग ऐरिया-पुलिस लाइन चम्बा के मैदान में सभी उपलब्ध संसाधनों सहित आईआरएस खोज बचाओ टीम एकत्रित हुई। इंसिडेंट कमाण्डर द्वारा उपस्थित खोज-बचाव टीमों को घटना की सम्पूर्ण जानकारी देकर टीमों को रवाना किया गया। मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान देहरादून जीजीआईसी स्कूल में आई आपदा में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए दून अस्पताल लाया गया । वहीं हरिद्वार में गंगा में कुछ लोग डूब गए। आपदा और बचाव राहत दल तत्काल घाट पर पहुंचा। डूबते हुए व्यक्तियों को बचाया। इस दौरान कुछ को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं जिलाधिकारी ने यात्रा के दौरान भगदड़ की सूचना पर तत्काल नोडल अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई। रोशनाबाद में बैठक संपन्न हुई । बचाव दल और कंट्रोल रूम को अलर्ट किया गया । यह पूरी प्रक्रिया माक ड्रिल के तहत हरिद्वार जिले में पूरी की गई। तैयारी और व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे इसके लिए जिलाधिकारी ने विशेष निर्देश दिए ।

**हेमकुड पहुंचा...**गया है। मौसम साफ होते ही सेना के जवानों और गुरुद्वारे के सेवादारों ने हेमकुंड साहिब के आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया था। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग घांघरिया से दो किमी आगे अटलाकोटी ग्लेशियर प्वाइंट से आगे बर्फ से ढका हुआ है। सेना के जवान और सेवादार रविवार को गोविंदघाट से घांघरिया के लिए रवाना हुए थे। उन्हें सोमवार को बर्फ हटाने का काम शुरू करना था, लेकिन मौसम खराब होने से सोमवार को काम नहीं हो पाया। मंगलवार को मौसम साफ रहा। जिसके बाद सेना के जवानों और सेवादारों ने पहले मार्ग का निरीक्षण किया और फिर बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया गया।

**एसटीएफ ने ६८ लाख की ...**खानपुर नगर उत्तर प्रदेश तथा अभिषेक मिश्रा पुत्र वी.के.मिश्रा निवासी 173 संजय गांधी नगर, नौबसता कानपुर नगर उत्तरप्रदेश को धारा 41क सीआरपीसी के नोटिस तामील कराये गये थे । पुलिस टीम द्वारा गहन तकनीकी विश्लेशण व साक्ष्य संकलन कर अभियोग में एक अन्य अभियुक्त सनमान सिंह पुत्र सरदार सिंह निवासी 1112 मदर इण्डिया कालोनी, ईदगाह हिल्स, थाना शाहजनाबाद, भोपाल, मध्य प्रदेश को भोपाल मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से पीओएस मशीन, दो मोबाइल फोन, चैकबुक, ब्लैंक चैक, पासबुक, एटीएम कार्ड, मोहर, पंजीयन प्रमाण पत्र आदि सामान बरामद किया गया। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि पकड़ा गये अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी कम्पनी तैयार कर स्वयं को विभिन्न शेयर मार्केट / स्टॉक ट्रेडिंग कम्पनी के अधिकारी / कर्मचारी बताते हुए आम जनता की गाढ़ी कमाई को हड़पने हेतु व्हाट्सएप कॉल व मैसेज कर स्टॉक ट्रेडिंग , शेयर मार्केट में निवेश की जानकारी देकर लाभ कमाने का प्रलोभन दिया जाता है और उन्हें विश्वास में लेकर विभिन्न फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर लिंक के माध्यम से विभिन्न एप डाउनलोड कराकर इन्वेस्टमेण्ट के नाम पर धोखाधडी की जाती है तथा धोखाधडी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैक खातो में प्राप्त कर उक्त धनराशि का प्रयोग करते हैं । शातिर ठग को पकड़ने वाली टीम में निरीक्षक देवेन्द्र नबियाल, उपनिरीक्षक आशीष गुसांई, हेड कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल पवन पुण्डीर आदि शामिल थे।

**पोलिंग बूथों में बदलाव...**में चार पोलिंग बूथ है। पिछले चुनाव में बूथ संख्या 1 और दो जो कि पत्थरचट्टा प्राथमिक विद्यालय से हटाकर फूल मंडी मेट्रोपोलिस सिटी के पास कर दिया गया था। जिस कारण पतथरचट्टा सिकलाई, संजय वन टांडा क्षेत्र के लोगों को वोट डालने के लिए करीब 15 किमी आना पड़ रहा था,लम्बी दूरी और संसाधन नहीं होने के कारण कई लोग वोट डालने नहीं आ पाये थे। ज्ञापन में बूथ संख्या 1 और दो को पूर्व की तरह पत्थरचट्टा प्राथमिक विद्यालय में बहाल करने की मांग की गयी। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि जनहित को दरकिनार कर पोलिंग बूथ बदलने से मतदान का प्रतिशत गिर रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से दोनों वार्डों के पोलिंग बूथों को पूर्व की तरह स्थापित करने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने एडीएम को जांच कर यथोचित कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। ज्ञापन देने वालों में अनिल कुमार, मंजीत, सतीश मनचंदा, सुरेन्द्र बठला, राजू, इजहारूल, इश्तियाक, शिवशंकर, कमल, मुमताज, बंटी कोली आदि मौजूद रहे।

**बगवाड़ा मंडी के ...** का सभी व्यापारी आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने व्यापारियों की समस्या को गहराई से समझकर इसका समाधान किया। इस मौके पर राजीव मिड्ढ़ा, विरेन्द्र सोनकर, मनोज छावड़ा, रजत मुंजाल, केतन गुगलानी, अशोक अरोरा, अफसार अहमद, सोनू मनोचा, महेन्द्र, राज साहू आदि आढ़ती मौजूद थे।

**मंदिर और निर्माणाधीन...**बरामद कर लिया। वहीं दूसरी घटना ग्राम उदयपुर चोपड़ा में हुई थी। यहां के निवासी राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसके निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोरों द्वारा टाइल्स काटने की मशीन सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया । इस मामले में पुलिस ने टेढ़ा रोड लखनपुर निवासी सुमित कुमार को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया कोतवाल ने बताया कि दोनों चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

**वाहन चोरों का...**प्रकाश रस्तोगी निवासी रम्पुरा का कहना है कि 30 अप्रैल की रात्रि करीब 9 बजे उसने अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06एसी4206 को शिव नगर अस्था पब्लिक स्कूल के पास खड़ा किया था। माता के दरबार को सुनने के लिए अन्दर चला गया। जब वह वापिस आया तो देखा कि उसकी मोटर साईकिल अपने स्थान पर नहीं है। इधर मोहन राम पुत्र खीम राम निवासी ग्राम आनन्द नगर, तिलियापुर पोस्ट ऑफिस शक्तिफार्म, सितारगंज का कहना है कि 25 अप्रैल को वह अपने स्वर्गीय भाई कपिल देव के नाम पर पंजीकृत मोटर साइकिल संख्या यूके06वी 0906 को लेकर एलआईसी कार्यालय नगला पंतनगर अपने स्वर्गीय भाई कपिल देव की पत्नी श्रीमती बसंती आर्या के साथ आया हुआ था। एलआईसी कार्यालय परिसर में वाहन को पार्क कर लाक किया गया। जिसके बाद हम दोनों एलआईसी कार्यालय के अंदर गये। कार्य पूर्ण होने के बाद वापिस आये तो देखा वाहन वहां नहीं था। पुलिस ने तीनों मामलों की रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**स्कूली बच्चों को ...**एक छात्रा को पैर में गंभीर चोट आद हैं जिसे पास ही स्थित एक अस्पताल में ले जाया गया। फिलहाल हादसे में घायल सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। अधिकांश को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी है। बता दें जहां एक तरफ अटरिया मेला चल रहा है जिसके चलते अटरिया मेला रोड पर बड़े वाहनों की नो एंट्री है लेकिन फिर भी अटरिया रोड से बड़े वाहन गुजर रहे हैं इसी को लेकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है।

**निजी अस्पताल में प्रसव ...**सामान्य डिलीवरी होने के बाद शिशु ने जन्म लिया। लेकिन कुछ ही देर में अचानक नवजात शिशु ने दम तोड़ दिया। जिससे परिजन भड़क गये। परिजनों में अस्पताल के खिलाफ रोष व्याप्त हो गया। उन्होंने डिलीवरी में लापरवाही का आरोप लगाया। जबकि चिकित्सालयं प्रबंधन ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि डिलीवरी पूरी तरह से सफलतापूर्वक की गई। जिसके बाद नवजात व उसकी माता को परिजनों से मिलवाया भी गया था।

# स्कूल में बच्चों के जाने के रास्ते पर किया कब्जा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप स्थित न्यू नेशनल जूनियर हाई स्कूल में बच्चों के जाने वाले रास्ते पर पड़ोसी भवन स्वामी ने कब्जा कर लिया। जिसकी शिकायत ट्रांजिट कैंप थाने में करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या राखी मंडल का कहना है कि उसका विद्यालय कक्षा नर्सरी से 8 तक संचालित है। विधालय के एक दरवाजा पूर्व में है। रास्ते के पास रहने वाले अनिल कुमार रास्ते में अवरोध पैदा करते हैं। आए दिन झगड़ा करते हैं तथा कहते हैं कि स्कूल के बच्चे को इधर से नहीं जाने देंगे। आज प्रात: वह विद्यालय के बाहर की दीवार पर प्लास्टर करने के लिए जैसे ही राजनिस्त्री को बुलाया। तभी अनिल कुमार व उसकी पली ने आकर राजमिस्त्री से काम रोकने को कहा तथा कि मार पीट धमकी दी अगर दोबारा दिखा तो जान से मार देगे। पुलिस दोनों पक्षों से मामले की जांच कर रही है।

# विधवा महिला ने एसएसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक विधवा औरत ने अपनी बहू पर प्रेमी के साथ मिलकर पति और देवर की हत्या कर देने के बाद अब उसकी हत्या कर संपत्ति पर कब्जा कर लेने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई है। तराई विहार कालोनी फाजलपुर महरौला निवासी महेंद्र कौर पत्नी स्व. बख्तावर सिंह ने दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह करीब 75 वर्षीय पृद्ध व कमजोर महिला है। उसकी पुत्रवधू ने उसके पुत्र यानि अपने पति को एक अन्य व्यक्ति के साथ अवैध संबंध के चलते करीब 6 वर्ष पूर्व मार दिया था और अब 16 मार्च 23 को उसके दूसरे पुत्र को भी अपने प्रेमी के साथ मिलकर मारकर उसके मकान आदि सम्पत्ति पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। महेंद्र कौर का कहना है कि बहू अब उसे भी जान से मार देने के प्रयास में है। आये दिन पुत्रवधू उसे मारती पीटती है और घर ते निकाल दिया है। पुत्रों के मार जाने के कारण वह असहाय हो गयी है। बहू किसी भी तमय उसके साथ अप्रिय वारदात कर सकती है। पत्र में महेंद्र कोर ने पुत्रवधू व उसके प्रेमी तथा एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# दुर्गम के शिक्षकों ने 'गाड़ा' झंडा, सुगम वालों ने 'डुबोई' लुटिया

## उत्तराखंड बोर्ड के नतीजों में पास आउट प्रतिशत एवं मेरिट की सूची में छाया पहाड़ तमाम सुविधाओं के बावजूद पहाड़ के मुकाबले पिछड़ा मैदान, परीक्षा फल में सूबे का बागेश्वर जिला सबसे अव्वल तथा हरिद्वार नैनीताल एवं देहरादून जिले फिसड्डी

–अर्श–

रूद्रपुर। सूबे के दुर्गम क्षेत्र वाले जिलों के विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक तमाम शैक्षणिक सुविधाओं के अभाव के बावजूद न केवल अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा लगन एवं ईमानदारी से कर रहे हैं , बल्कि समय आने पर स्वयं को साबित भी कर रहे हैं और साथ ही इस विश्वास को और भी मजबूत कर रहे हैं कि अगर उन्हें अपने विद्यालयों में उच्च स्तरीय शैक्षिक सुविधा मिले तो वह और भी बेहतर परिणाम दे सकते हैं ।यह तथ्य बीते दिनों उत्तराखंड बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा फल से पूरी तरह साफ हो गया है । वह इसलिए, क्योंकि प्रदेश में गुजरे मंगलवार को उत्तराखंड बोर्ड के 10वीं और 12वीं के घोषित नतीजों में उत्तीर्ण प्रतिशत एवं मेरिट की दृष्टि से पहाड़ अर्थात दुर्गम क्षेत्र के जिलों पूरी तरह छाए हुए हैं, जबकि तमाम शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं वाले मैदानी अर्थात सुगम क्षेत्र के जिलों का प्रदर्शन पहाड़ के मुकाबले अच्छा खासा खराब रहा है। बताना होगा कि बीते मंगलवार को घोषित उत्तराखंड बोर्ड के नतीजों में बागेश्वर जिला 10वीं क्लास में 95.42 उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है, जबकि चंपावत 93.28 प्रतिशत के साथ दूसरे एवं अल्मोड़ा 93.16 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर है।वहीं, परीक्षाफल में फिसड्डी रहे जिलों की बात करें तो देहरादून जिला नंबर एक पर और नैनीताल जिला दूसरे तथा हरिद्वार तीसरे नंबर पर है। ज्ञात हो कि हाल ही में घोषित उत्तराखंड बोर्ड के नतीजे में देहरादून जिले का पास आउट प्रतिशत सबसे कम 85.76 प्रतिशत, हरिद्वार का 87.71 प्रतिशत, नैनीताल जिले का 86.61 प्रतिशत और ऊधमसिंह नगर जिले काउत्तीर्ण प्रतिशत 91.41 प्रतिशत रहा है। कमोबेश ऐसी ही स्थिति कुछ 12वीं के नतीजों की भी है।12वीं में मैदानी जिले हरिद्वार का परीक्षाफल सबसे खराब 76.13 प्रतिशत रहा है , जबकि उत्तरकाशी 79।02 प्रतिशत के साथ दूसरे और देहरादून 79।96 प्रतिशत के साथ खराब नतीजे वाले जिलों में तीसरे स्थान पर है ।मजे की बात तो यह है की 12वीं के उत्तीर्ण प्रतिशत की दृष्टि से भी दुर्गम क्षेत्र का पहाड़ी जिला बागेश्वर पहले नंबर पर है।




उत्तराखंड बोर्ड के नतीजे से एक बात तो पूरी तरह साफ है की सुगम अर्थात मैदानी जिले जिलों में पदस्थ शिक्षक अपने शैक्षणिक कर्तव्यों का पालन पूरे मन से नहीं कर रहे हैं। कदाचित यही कारण है कि उत्तराखंड बोर्ड के नतीजे में जहां दुर्गम जिलों ने पास आउट प्रतिशत एवं मेरिट में स्थान बनाने की दृष्टि से अपना झंडा गाड़ दिया है ,वही सुगम अर्थात मैदानी जिलों ने अपनी लुटिया डुबो दी है ।देखा जाए तो ऐसा होना लाजमी भी है क्योंकि राज्य के अधिकांश शिक्षक देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिलों में तैनाती के लिए शिक्षक पूरे साल एड़ी चोटी का जोर लगाए रहते हैं और वे सुगम क्षेत्र में बने रहने के लिए विधायक, मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक के चक्कर काटने में ही शैक्षिक वर्ष का अधिकांश समय गुजार देते हैं ।ऐसे में वे पूरे मनोयोग से शिक्षण कार्य कितना कर पाते होंगे ? इसका अंदाजा लगाना तनिक भी मुश्किल नहीं है। अब देखना यह होगा कि उत्तराखंड बोर्ड में के नतीजे में मैदानी जिलों के खराब प्रदर्शन को लेकर राज्य के शिक्षा महकमे एवं सरकार का क्या रुख रहता है ? हालांकि हालांकि राज्य के शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी का कहना है कि उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में मैदानी जिलों का परीक्षाफल खराब रहने की वजह का पता लगाया जाएगा तथा इस बाबत विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से एक-एक विद्यालय की स्थिति की जानकारी ली जा रही, लेकिन इस कवायद से मैदानी जिलों के विद्यालयों में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता में कितना सुधार हो पाएगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा ।

# स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हुए लालकुंआ के पीयूष जोशी

जयपुर/लालकुंआ (उद संवाद दाता)। शक्ति फिल्म प्रोडक्शन द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को 'स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार 2024' से वर्चुअल ऑनलाइन आयोजित समारोह के तहत सम्मानित



किया गया। इस सम्मान समारोह के लिए देशभर से सैकड़ों की तादाद में प्रविष्ठियां ऑनलाइन प्राप्त हुई , निर्णायकों ने उत्कृष्ट एवं बेहतरीन कार्य के आधार पर प्राप्त प्रविष्ठियों में से 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिसमे उत्तराखंड में युवाओं के हितों की लड़ाई लड़ने व उत्तराखंड के युवाओं को स्वामी विवेकानंद की तरह जगाने का कार्य कर रहे पीयूष जोशी को स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया । शक्ति फिल्म प्रोडक्शन फाउंडर अंबालिका शास्त्री ने बताया कि समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करना हमारे लिए खुशी की बात है । शक्ति फिल्म प्रोडक्शन पीयूष जोशी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य को सराहने एवं सम्मानित करते हुए गर्व की अनुभूति महसूस कर रहा है। साथ ही वह इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं, अंबालिका शास्त्री ने बताया कि पीयूष द्वारा कोरोना काल में भी लगभग 10000 से अधिक परिवारों को राशन वितरण से लेकर उनके पास बनाने के साथ-साथ घरों तक पहुंचाने का कार्य किया इसके अलावा उत्तराखंड में पीयूष के संघर्ष के बूते ही आरटीआई आज ऑनलाइन हो चुकी है, साथ ही विभिन्न भ्रष्टाचार के मुद्दों पर आवाज उठाई है जिसके कारण कई बड़े भ्रष्टाचारी आज जेल की सलाखों के पीछे हैं व कई आज न्यायालय में केस लड़ रहे हैं। अपनी सिविल सेवा की तैयारी के साथ पीयूष उत्तराखंड में बेरोजगार युवाओं वी भर्ती घोटालों के साथ युवाओं के विभिन्न मुद्दों पर लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके साथ ही उनकी संस्था 'माधवी फाउंडेशन' द्वारा जल्द सिविल सेवा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए निशुल्क कोचिंग की शुरुआत भी की जानी है साथ ही विभिन्न योजनाओं पर भी वह कार्य कर रहे हैं। जिसका मूल्यांकन समय-समय पर उनके वह उनकी टीम द्वारा किया गया, जिसके बाद पियूष को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा यह गर्व का विषय है कि उत्तराखंड में ऐसा हीरा आज उभर रहा है जो समाज के लिए बहुत अच्छी सोच रखकर कार्य कर रहा है । अंबालिका शास्त्री ने यह भी बताया कि ऐसे लोगों को सम्मानित कर उन्हें एक अलग गर्भ की अनुभूति होती है व उन्होंने राज्य सरकार वह केंद्र सरकार से भी ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित करने की गुहार लगाई है।

यह मेरे लिए गर्व का विषय है की राष्ट्रीय पुरस्कार से मुझे सम्मानित किया गया अपनी पढ़ाई के साथ समाज के लिए भी उचित समय देने का प्रयास करता हूं सरकारी कोई भी हो युवाओं के हितों को नजरअंदाज करती हैं जिसके लिए लड़ाई लड़ने हेतु युवाओं को आगे आने की जरूरत है लाल कुआं विधानसभा वह उत्तराखंड के भले के लिए जितना भी संघर्ष करना पड़ेगा वह हमें करने का पूरा प्रयास करूंगा इस सम्मान ने मेरे संघर्ष को एक नई दिशा दी वह समाज के प्रति और अच्छे से कार्य करने की प्रेरणा को मजबूत किया है।

**– पीयूष जोशी ,समाजसेवी**

# खटीमा की रितु जोशी एशिया की बेस्ट महिला इन्फ्लुएंसर पुरस्कार से हुई सम्मानित

## एशिया की टॉप 100 महिला इन्फ्लुएंसर में चुनी गई

खटीमा(उद संवाददाता)। कंजाबाग खटीमा की रितु जोशी को दिवा प्लैनेट मैगजीन की तरफ से एशिया की टॉप 100 महिला इन्फ्लुएंसर पुरस्कार 2024 से नवाजा गया। रितु को ये अवॉर्ड बेस्ट मॉडल और इवेंट ऑर्गेनाइजर की कैटेगरी में मिला है। रितु को ये अवॉर्ड ऑल एशिया लेवल पे आये हुए कई नॉमिनेशन मे से चुन के दिया गया है रितू पेशे से एक मॉडल और इवेंट ऑर्गेनाइजर है। बता दें अभी हाल ही में रितु को दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय देवभूमि आइकन अवार्ड 2024 से नवाजा गया था जो कि बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मोहरा फिल्म अभिनेत्री पूनम झावर के द्वारा दिया गया। इसके साथ-साथ रितु को पिछले साल कुछ बड़े अवॉर्ड्स से भी नवाजा गया था जिनमे इंडिया प्राउड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की तरफ से मॉडलिंग श्रेणी में भारत गौरव सम्मान,15 अगस्त को इंडिया स्टार बुक ऑफ रिकॉर्ड की तरफ से इंडिया स्टार इंडिपेंडेंट अवॉर्ड से नवाजा गया जो कि उन्हें बेस्ट मॉडल और इवेंट ऑर्गनाइजर की कैटेगरी में दिया गया। इसके साथ-साथ रितु को फॉक्स स्टोरी इंडिया की तरफ से वुमन फेस ऑफ द ईयर 2023 के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। रितु ने मॉडलिंग में कुछ ब्यूटी पेजेंट का खिताब भी अपने नाम किया है जिनमें मिस पिथौरागढ़ 2018, मिस गढ़वाल 2019 फर्स्ट रनर अप, मिस नॉर्थ राइजिंग इंडिया 2019, जो एक नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट था, मिस



ग्लोरी ऑफ उत्तराखंड 2019 शामिल है। इसके साथ-साथ रितु को फैशन लाइफस्टाइल मैगजीन के द्वारा मॉडलिंग श्रेणी में 15 सक्सेस स्टार ऑफ इंडिया 2020, फॉरएवर स्टार इंडिया के द्वारा द रियल सुपरवूमन 2020, दिल्ली सत्यजय न्यूज के द्वारा उत्कृष्ट व्यक्तित्व पुरस्कार 2021, कल्कि न्यूज के द्वारा कल्कि गौरव सम्मान 2021, राष्ट्रीय कला एवं शिक्षा अकादमी पुणे द्वारा राष्ट्रीय महिला उत्कृष्टता पुरस्कार 2021, फॉक्सक्लूज बेंगलुरु द्वारा शीर्ष 100 महिला आइकन पुरस्कार 2022, राष्ट्रीय ज्ञानपीठ पुणे महाराष्ट्र द्वारा राष्ट्रीय महिला गौरव पुरस्कार शामिल है, इतना ही नहीं इसके साथ- साथ रितु ने खटीमा मे जासेस क्लब के साथ मिलकर जासेस टेलेंट हंट 2023 का भी आयोजन करवाया , साथ-साथ रितु ने कुमाऊं केसरी के साथ मिलकर स्टार ऑफ उत्तराखंड 2020 मॉडलिंग और डांसिंग इवेंट भी करवाया, और साथ ही लॉकडाउन के टाइम गो कोरोना गो सिंगिंग और ऑनलाइन डांसिंग इवेंट को जज भी किया।और रितु की उपलब्धि की कहानी कुछ पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है जिनमें उत्तराखंड की श्रीतिज के पार मार्च 2021 में एक कवर गर्ल के रूप में शामिल है। दिल्ली की अंग्रेजी पत्रिका वंशधारा, दिल्ली की पत्रिका आपकी सेहत जिसमे फेस आफ द मंथ और लाइफस्टाइल पत्रिका में उनकी उपलब्धि की कहानी नारी शक्ति संस्करण प्रकाशित हुई। रितु ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि हमें जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए।

